CMYK

दैनिक

जयपुर व चूरू से एक साथ प्रकाशित

राज्य एवम् केन्द्र सरकार से विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

जयपुर, चूरू, अलवर, सीकर, झुंझुनूं, नागौर भरतपुर, दौसा एवं धौलपुर में प्रसारित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 07 अंक : 289 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, बुधवार 14 दिसम्बर, 2022 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 3.50 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

## 1.35 करोड़ महिलाओं को फ्री स्मार्टफोन का रास्ता साफ..

# राहुल गांधी के हाथों 'गहलोत के ड्रीम प्रोजेक्ट की शुरूआत'



## गहलोत सरकार के चार साल पूरे होने पर मिलेगी सौगात

### राहुल गांधी दौसा के सिकंदरा से कर सकते है योजना की शुरूआत, उधर-भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ रहा जनसैलाब

### मंगलवार को 22 किलोमीटर चले राहुल गांधी

### आज दौसा में होगी यात्रा की एंट्री, आमजन से संवाद में मिल रही समस्याओं का तुरंत कर रहे समाधान, निशाने पर केंद्र सरकार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** अशोक गहलोत सरकार को 17 दिसंबर को चार साल पूरे हो रहे हैं। ऐसे में सरकार ने अपनी योजनाओं और उपलब्धियों को लोगों के बीच ले जाने का फैसला किया है। इसे लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग जगह प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। इसी कड़ी में गहलोत सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक माने जाने वाले फ्री स्मार्टफोन योजना का भी शुभारंभ हो सकता है। यानी राजस्थान की 1.35 करोड़ महिलाओं को जल्द ही फ्री स्मार्टफोन मिलने का रास्ता साफ हो सकता है। सरकार से जुड़े सूत्रों की माने तो 18 दिसंबर को राहुल गांधी दौसा के सिकंदरा से योजना की शुरुआत कर सकते हैं। इससे पहले नवंबर महीने में इस योजना की शुरुआत होनी थी, लेकिन भारत जोड़ो यात्रा और कांग्रेस में मचे सियासी घमासान के चलते इसे टाल दिया गया था। अब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस योजना की शुरुआत कर सकते हैं। इसके अलावा वे सूचना जनसंपर्क विभाग के एप का शुभारंभ करेंगे। सरकार के कामकाज और उपलब्धियों की बुकलेट भी जारी कर सकते हैं।

दरअसल, गहलोत सरकार ने राजस्थान की 1.35 करोड़ महिलाओं को फ्री स्मार्टफोन देने का लक्ष्य तय किया। इसके लिए सरकार ने 12 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा है। महिलाओं को दिए जाने वाले स्मार्टफोन नोकिया, सैमसंग और जियो कंपनी के होंगे। एक फोन की कीमत नौ हजार रुपये के करीब बताई जा रही है। मोबाइल फोन की खासियत ये होगी कि इसमें सरकारी सिम पहले से ही एक्टिवेट होगा। जिसमें तीन साल के लिए फ्री इंटरनेट और अनलिमिटेड फ्री कॉलिंग की सुविधा होगी। इन मोबाइल में दूसरा सिम नहीं चल सकेगा। उसका स्लॉट पहले से ही बंद रहेगा। इन स्मार्टफोन की कीमत 9 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।



### किन महिलाओं को मिलेगा स्मार्टफोन?

सरकार ने जनआधार कार्ड धारक परिवार की महिला मुखिया को ही फ्री मोबाइल फोन देने का फैसला किया है। प्रदेश में ऐसी महिलाओं की संख्या 1.35 करोड़ है, लेकिन जिन परिवारों का नाम चिरंजीवी योजना में जुड़ा हुआ है, सिर्फ उन्हीं परिवार की महिला मुखिया को फ्री स्मार्टफोन योजना का लाभ मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए महिला का राजस्थान का मूल निवासी होना जरूरी है। इसके अलावा आधार कार्ड से मोबाइल नंबर भी जुड़ा होना चाहिए। महिलाओं को स्मार्टफोन का वितरण करने के लिए सरकार ने पूरी योजना तैयार कर ली है। मोबाइल वितरण के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कैंप लगाए जाएंगे। मोबाइल बांटने के लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं की भी मदद ली जाएगी। इसके लिए इन्हें पहले से ट्रेनिंग दे दी गई है।

### कब तक चलेगी गहलोत सरकार की यह योजना?

गहलोत सरकार की फ्री स्मार्टफोन योजना तीन साल तक चलेगी। सरकार ने प्रदेश की 1.35 करोड़ महिलाओं को मोबाइल देने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए 12 हजार करोड़ का बजट रखा गया है। मौजूदा फाइनेंशियल ईयर के लिए 3500 करोड़ का बजट रखा है। स्मार्टफोन देने वाली वाली कंपनियों को भी तीन साल में किस्तों में पैसा दिया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि चुनाव से पहले सभी महिलाओं को स्मार्टफोन का वितरण कर दिया जाए।

## राहुल गांधी कर चुके हैं गहलोत की योजनाओं की तरीफ

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान को मॉडल की तरह प्रचारित कर रहे हैं। राहुल गांधी भी गहलोत सरकार की योजनाओं की तारीफ कर चुके हैं। उन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम, चिरंजीवी योजना, मुफ्त स्मार्टफोन योजना और शहरी रोजगार गारंटी योजना की मंच से कई बार तारीफ की है। गहलोत सरकार की इन योजनाओं को कांग्रेस ने गुजरात विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भी शामिल किया था, हालांकि चुनाव में कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई।

### भारत जोड़ो यात्रा में राहुल मुखर, दलित प्रतिनिधित्व पर जताई चिंता

भारत जोड़ो यात्रा में मंगलवार को राहुल गांधी से दलित युवाओं ने उन पर होने वाले अत्याचारों को लेकर शिकायतें की। युवाओं की मांग थी कि उन पर करीब चार साल पहले भारत बंद के दौरान दर्ज मुकदमें वापस हों। वहीं, मुस्लिम युवाओं ने राजनीतिक प्रतिनिधित्व का मुद्दा उठाया। इन सभी शिकायतों पर राहुल ने यात्रा में साथ चले रहे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री से बात कर सभी शिकायतें दूर कराएं। राहुल ने दलित संगठनों से बात करते हुए कहा कि देश का संविधान दलितों ने दिया, लेकिन देश के हर क्षेत्र में एससी-एसटी की पूरी भागीदारी नहीं है। राजस्थान में चल रही राहुल की यात्रा आज पांचवें जिले दौसा में एंट्री करेगी। मंगलवार को यात्रा ने सवाई माधोपुर के अजनौटी तक 22 किलोमीटर से ज्यादा का सफर किया।

### 16 दिसम्बर को जयपुर आएंगे राहुल गांधी, एक इवेंट में करेंगे शिरकत

भारत जोड़ो यात्रा के 16 दिसंबर को 100 दिन पूरे होंगे। इस दिन जयपुर में एक म्यूजिक इवेंट का आयोजन होगा। राहुल गांधी सहित सभी यात्री सुनिधि चौहान के इस इवेंट में शामिल होंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इसी दिन राहुल एक प्रेस कांफ्रेंस भी करेंगे। इवेंट में राहुल गांधी सहित सभी यात्री भी शामिल होंगे। हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित कांग्रेस के सभी 40 विधायक भी इस दिन यात्रा का हिस्सा होंगे।

### यात्रा के टैंट में आग लगाने की साजिश का खुलासा, 4 गिरफ्तार

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सवाई माधोपुर जिले में बड़ा मामला सामने आया है। यहां सोमवार रात को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल लोगों के टैंट में कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से आग लगाने की साजिश सामने आई है। हालांकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सतर्कता से उनकी यह साजिश विफल हो गई लेकिन इससे एकबारगी वहां हड़कंप मच गया।

### इधर, मुख्यमंत्री गहलोत के निर्देश पर भूमाफियाओं के खिलाफ सुझाव कमेटी गठित

प्रदेश में भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर गहलोत सरकार अब सख्त हो गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पिछले दिनों माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश थे। सीएम गहलोत के निर्देश के बाद मंगलवार को प्रशासनिक सुधार विभाग में भू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई का सुझाव देने के लिए गृह विभाग प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर दिया गया है। इस कमेटी की पहली बैठक 15 दिसंबर को होगी। प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि राज्य भर में, विशेषकर शहरी क्षेत्रों में अनाधिकृत भूमियों पर निर्माण सहकारी समितियों की ओर से एक ही भूमि को अनधिकृत रूप से बार बार कई व्यक्तियों का बेचान करना और भूमि से सम्बंधित अन्य अनियमितताओं के प्रकरण सामने आते रहे हैं, जिसके कारण अपराधा की संख्या में वृद्धि हो रही है और आमजन को भी गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जो कि कानून व्यवस्था की दृष्टि से भी चिन्ता का विषय है। ऐसे में भूमाफिया के खिकाफ कार्रवाई करने और समस्याओं के दीर्घकालीन समाधान के साथ अपराध नियंत्रण को देखते हुए सुझाव देने के लिए निम्नानुसार समिति का गठन किया गया है।

## नीतीश बोले- तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ेंगे 2025 का चुनाव



### मेरा टारगेट 2024 में भाजपा को हटाना, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनना नहीं

**पटना(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव में सीएम पद के दावेदार नहीं होंगे। उन्होंने खुद इसकी घोषणा की है। पटना में महागठबंधन के विधायकों की बैठक में नीतीश ने कहा- 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। मेरा लक्ष्य 2024 लोकसभा में भाजपा को हराना है। मैं सीएम या पीएम पद का उम्मीदवार नहीं बनना चाहता।

वित्त मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने बताया- बिहार विधानसभा के बाद महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक हुई थी। उसमें मुख्यमंत्री ने यह साफ कर दिया कि मेरे बाद जो नेतृत्व होगा वह तेजस्वी यादव का होगा। 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। चौधरी ने शराबबंदी को लेकर महागठबंधन के विधायकों के सवाल उठाने पर कहा- तमाम नेताओं के सामने मुख्यमंत्री ने यह बात साफ कर दी है कि शराबबंदी के फैसले के वक्त सभी दलों का समर्थन मिला था। अब इस पर सवाल उठाने का कोई औचित्य नहीं है। इससे पहले नालंदा में भी सोमवार को डेंटल कॉलेज के उद्घाटन में नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो कब से बिहार में विकास का काम करवा रहे हैं। लेकिन तेजस्वी जी जो हैं, अब इनको आगे बढ़ाना है। हमको तो जितना करना था, वो कर दिए।

## तवांग झड़प के बाद मोर्चे पर हमारे लड़ाकू विमान

### अरुणाचल में 3 बार चीनी ड्रोन घुसपैठ रोकी; 3 वजहों से तवांग पर चीन की नजर

**तवांग(एजेंसी)।** तवांग में भारत और चीन के सैनिकों की झड़प के बाद इंडियन एयरफोर्स ने अरुणाचल सीमा पर कॉम्बैट एयर पेट्रोलिंग, यानी जंगी उड़ानें शुरू कर दी हैं। 9 दिसंबर को तवांग में हुई झड़प से पहले भी चीन ने अरुणाचल सीमा में अपने ड्रोन भेजने की कोशिश की थी। इसके बाद आईएएफ ने तुरंत अपने लड़ाकू विमान अरुणाचल सीमा पर तैनात किए थे। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि तवांग के करीब यांगत्से में ॠ के पास दो इलाकों... होलीदीप और परिक्रमा एरिया में चीन भारतीय चौकियों का विरोध कर रहा है। पिछले कुछ हफ्तों में 2-3 बार इन चौकियों की तरफ बढ़ रहे ड्रोन को भारतीय लड़ाकू विमानों ने रोका है। सुखोई ने ये एयर वॉयलेशन रोका था।

सूत्रों ने कहा कि अगर ड्रोन एलएसी की बराबरी में उड़ते हैं तो भारतीय सेना को इससे कोई परेशानी नहीं है। अगर कोई एयरक्राफ्ट या ड्रोन भारतीय सीमा की ओर उड़ान भरते हैं और हमारे रडार पर इनकी आक्रामक गतिविधि दिखाई देती है तो ये एयर वॉयलेशन होगा और IAF तुरंत एक्शन लेगी।

## सीबीआई अफसर बनकर लूटे 30 लाख और जेवर

### कोलकाता में पुलिस स्टिकर लगी गाड़ियों से बिजनेसमैन के घर पहुंचे 7-8 लोग, कहा- रेड है

**कोलकाताग(एजेंसी)।** कोलकाता में फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर कुछ लोगों ने नकली सीबीआई अफसर बनकर एक बिजनेसमैन के घर से 30 लाख रुपए कैश और ज्वेलरी लूट ली। घटना भवानीपुर इलाके की है। बिजनेसमैन सुरेश वाधवा (60 साल) ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई, तब मामले का खुलासा हुआ।

### पुलिस स्टिकर लगीं गाड़ियों में आए आरोपी

वाधवा ने बताया कि सोमवार सुबह 8 बजे 7-8 लोग सीबीआई अफसर बनकर उनके घर पहुंचे और कहा कि वे रेड डालने आए हैं। ये लोग पुलिस स्टिकर लगीं तीन गाड़ियों में आए थे। जब सुरेश ने घर का दरवाजा खोला तो ये लोग खुद को सीबीआई अफसर बताकर घर में घुस गए। वाधवा ने उनसे आई कार्ड दिखाने को कहा, लेकिन किसी ने भी उनकी बात का जवाब नहीं दिया। वाधवा के मुताबिक, नकली सीबीआई अफसर 30 लाख रुपए कैश और लाखों की ज्वेलरी लेकर चले गए।

## 23 दिसंबर को कोच्चि में आईपीएल का मिनी ऑक्शन

## 405 खिलाड़ियों की लगेगी बोली; 87 स्लॉट खाली, 19 प्लेयर्स का बेस प्राइज 2 करोड़

जयपुर टाइम्स

**कोच्चि(एजेंसी)।** केरल के कोच्चि में 23 दिसंबर को इंडियन प्रीमियर लीग का मिनी ऑक्शन होगा। इसमें 405 खिलाडियों पर बोली लगेगी। 991 खिलाड़ियों ने ऑक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसमें से 405 प्लेयर्स को शॉर्ट लिस्ट किया गया है। ऑक्शन दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा।

पिछली बार मेगा ऑक्शन हुआ था, इसीलिए इस बार मिनी ऑक्शन होगा। 405 में से 132 विदेशी, 273 घरेलू और 4 एसोशिएट देशों के खिलाड़ी होंगे। पिछली बार मेगा ऑक्शन में टीमों के पास 90 करोड़ रुपए का पर्स था। इस बार उन्हें



प्लेयर्स पर खर्च करने के लिए 95 करोड़ रुपए मिलेंगे। हालांकि, टीमों के पास जितने खिलाड़ी अभी मौजूद हैं उनकी रकम इस पर्स में से कम हो जाएगी। आईपीएल ऑक्शन में इस साल 10 टीमों के बीच 117 स्लॉट मौजूद हैं। यानी 405 खिलाड़ियों में से ज्यादा से ज्यादा 117 खिलाड़ियों को ही चुना जाएगा। हैदराबाद की टीम के पास सबसे ज्यादा 17 स्लॉट हैं। वहीं, दिल्ली के पास सबसे कम 7 खिलाड़ियों की जगह है।

### 19 खिलाड़ियों का बेस प्राइज 2 करोड़

ऑक्शन में 2 करोड़ का बेस प्राइस सबसे ज्यादा है। इस बेस प्राइज के सभी 19 खिलाड़ी विदेशी हैं। वहीं, 11 प्लेयर्स का बेस प्राइज 1.5 करोड़ रुपए है। भारत के मनीष पांडे और मयंक अग्रवाल 1 करोड़ के बेस प्राइज वाले 20 खिलाड़ियों में शामिल हैं।

### इन 19 प्लेयर्स का बेस प्राइज 2 करोड़

राइली रुसो, केन विलियमसन, सैम करन, कैमरून ग्रीन, जेसन होल्डर, बेन स्टोक्स, टॉम बैंटन, निकोलस पूरन, फिल सॉल्ट, क्रिस जॉर्डन, एडम मिल्न, आदिल रशीद, ट्रेविस हेड, रासी वान डर डसेन, जिमी नीशम, क्रिस लिन, क्रैग ओवर्टन और जैमी ओवर्टन।

### 1.5 करोड़ की बेस प्राइज में ये खिलाड़ी

नाथन कूल्टर-नाइल, सीन एब्बोट, जेसन रॉय, राइली मेरिडिथ, शेर्फन रदरफोर्ड, डेविड मलान, विल जैक्स, एडम जम्पा, जाय रिचर्डसन, शाकिब अल हसन, हैरी ब्रूक और टाइमल मिल्स।

CMYK

# जन आक्रोश यात्रा का हुआ समापन

जयपुर टाइम्स



**राजगढ़(निसं.)।** राजस्थान की कांग्रेस सरकार की विफलताओं जंगलराज भ्रष्टाचार में बिगड़ी कानून व्यवस्था के खिलाफ राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित जन आक्रोश यात्रा आज दिनांक 13 दिसंबर 2022 को 10वे दिन सम्पन्न हुई इन 10 दिनों में जनाक्रोश रथ यात्रा राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा के प्रत्येक गांव गांव ढाणी ढाणी पहुंची जहां यात्रा को आमजन का भारी समर्थन मिला जन आक्रोश यात्रा के सह संयोजक राजेंद्र जैन ने बताया कि

गहलोत राज में बढ़ते जंगलराज, भ्रष्टाचार, और कुशासन के विरुद्ध जन आक्रोश यात्रा विधानसभा राजगढ लक्ष्मणगढ़ के गांव कस्बों में पहुंची

जगह जगह जन आक्रोश यात्रा के रथ पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया राजस्थान की कांग्रेस सरकार की विफलताओं ,जंगलराज भ्रष्टाचार व बिगड़ी कानून व्यवस्था के खिलाफ राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा को आमजन का भारी समर्थन मिला। जन आक्रोश यात्रा के चलते वक्ताओं द्वारा कांग्रेस की गहलोत सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए आमजन में व्याप्त जन समस्याओं व सरकार की विफलताओ को गिनाया कि कैसे किसानों को गुमराह कर 10 दिन में कर्ज माफी का वादा कर सरकार में आए उसके बाद में ना तो कर्ज माफ किया ना ही किसानों को राहत दी बल्कि बैंकों ने मनमर्जी से ब्याज लगाकर किसानों के कर्ज का भार 2 गुना तक कर दिया एवं जमीन नीलाम होने की कगार पर आ गई किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ता है। महिलाओं पर उत्पीड़न में राजस्थान अलवर जिला राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा प्रथम नंबर पर है बिगड़ती कानून व्यवस्था बेरोजगार युवकों को भत्ते के नाम पर ठगा कैसे नौकरियों का फॉर्म भरवा कर उन्हें पेपर लीक करवा कर रद्द कर दिया जाता है घोषणापत्र में बिजली की कीमतें कम करने का दावा किया था बल्कि समय-समय पर बिजली की कीमतों में लगातार भारी वृद्धि कर किसान व आमजन की कमर तोड़ने का काम किया पेट्रोल एवं डीजल पर भारत में सर्वाधिक वैट राज्य सरकार द्वारा लिया जाता है जनता के दिलों के आक्रोश को जन आक्रोश यात्रा के माध्यम से गूंगी बहरी अंधी सरकार को दिखाने का काम भी भारतीय जनता पार्टी कर रही है साथी गांव की समस्याओं को शिकायत पर टिका के माध्यम से इकट्ठा किया गया वह सुझावों को भी यात्रा में शामिल किया गया इन समस्याओं को सरकार को बताया जाएगा और अगर इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो 3 महीने बाद भारतीय जनता पार्टी पूरे विधानसभा क्षेत्र में जन आंदोलन करेगी यात्रा में प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, जिला प्रभारी विष्णु चेतानी, जिला अध्यक्ष संजय सिंह नरूका, जिला यात्रा प्रभारी रामस्वरूप कोली, विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामानी, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बन्नाराम मीणा, जिला महामंत्री शिवलाल मीणा, प्रत्याशी रहे विजय मीणा, सुनीता मीणा ,ओमप्रकाश घेसलया, देवकरण मीणा, राजगढ़ मंडल अध्यक्ष एडवोकेट राहुल दीक्षित, लक्ष्मणगढ़ अध्यक्ष नरपत सिंह राजपूत, रेणी मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा, माचाड़ी मंडल अध्यक्ष बनवारी मीणा ,मंडल अध्यक्ष राम सिंह दिनकर, पिनान मंडल अध्यक्ष भाग्यशाली सैनी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह नरूका, किशन बटवाड़ा, बेनी प्रसाद सैनी, ईश्वर नकरा, मुकेश पटेल, प्रदीप जैन, संजीव कटारा, अजय यादव राजकुमार विजय ,नंदकिशोर सैनी, सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल रहे इस यात्रा का शुभारंभ राजगढ़ मंडल पर होकर समापन लक्ष्मणगढ़ मंडल में हुआ।

## चिकानी में लगेगा आज रोजगार शिविर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोजगार विभाग द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिकानी में 14 दिस बर को रोजगार शिविर आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी श्याम लाल साटोलिया ने बताया कि शिविर में 18 से 25 आयु वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु डिप्लोमा यांत्रिकी में 100 पद, आईटीआई के 100 पद एवं होटल व्यवसाय में विभिन्न स्तर पर 200 पदों हेतु अ यर्थियों का प्लेसमेंट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण अन्य युवाओं को समुचित रोजगार एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। स्नातक आवेदन भी शिविर में आमंत्रित हैं। इच्छुक आवेदक अपने दस्तावेज सहित अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचे।

## गीता जूली ने पीले चावल देकर दिय निमंत्रण



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सवाई माधोपुर चले जाने के कारण उनकी पत्नी गीता जूली ने प्रचार-प्रसार की कमान मंगलवार को थामते हुए मालाखेड़ा प्रधान वीरवती के साथ करीब आधा दर्जन गांवों में जाकर 19 दिसंबर को राहुल गांधी की मालाखेड़ा में आयोजित सभा के लिए पीले चावल देकर निमंत्रण दिया। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को बताया समाज कल्याण में टीकाराम जूली के मंत्री बनने के बाद अब दिव्यांग विधवा वृद्ध महिलाओं की पेंशन मात्र ढाई मिनट में स्वीकृत हो रही है जबकि यही पेंशन पहले कई महीने तक पात्र महिला पुरुष भटकते रहते थे। उन्होंने बताया कांग्रेस पार्टी ही दीन हीन और गरीब के हित का कार्य करती है। इसलिए सभी को इस सभा में आकर जितेंद्र सिंह, मंत्री जूली, मुख्यमंत्री गहलोत, सचिन पायलट और राहुल गांधी के हाथ मजबूत करने हैं और आपस में प्यार प्रेम भाईचारा बढ़ाना है।

## आंतरिक सुरक्षा सम्मेलन के लिए किया संवाद और लिया संकल्प

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** बृजभूमि कल्याण परिषद के तत्वावधान में 25 दिसंबर को होने वाले आंतरिक सुरक्षा सम्मेलन को सफल बनाने हेतु मंगलवार को संवाद और संकल्प का कार्यक्रम मां कृपा लाइब्रेरी एनईबी प्रीत विहार में आयोजित किया गया। इस मौके पर लाइब्रेरी के संचालकए और बृजभूमि कल्याण परिषद के संरक्षक हरिराम शर्मा, संतराम अरोड़ा, कवि योगेश वशिष्ठ, भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के राष्ट्रीय योजना प्रमुख श्रीचंद साहू, बृजभूमि कल्याण परिषद के प्रदेश मंत्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर मंत्री मनोज कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार गुप्ता, रामू लाल गुप्ता, नरेंद्र कुमार गुप्ता, रामजीलाल, हरि सिंह चौधरी, खुशीराम आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी ने संकल्पित होकर राष्ट्र समाज देश के लिए राष्ट्रवादी तत्वों को एकजुट करने के उद्देश्य से अपनी प्रतिज्ञा की कि सभी इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को कार्यक्रम में उनकी सहभागिता करेंगे।

### ये होगा आयोजन

आगामी 25 दिसंबर को प्रताप ऑडिटोरियम में आंतरिक सुरक्षा सम्मेलन के बारे में बृजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. पंकज गुप्ता ने बताया और उन्होंने कहा की हमारे नागरिकों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। राष्ट्र की सुरक्षा के मद्देनजर आम नागरिकों को भी जागरूक होना चाहिए और अपने आसपास जो भी घटनाएं गतिविधियां चल रही हैं उन पर नजर रखनी चाहिए। संयोजक अश्वनी जावली ने बताया की इसी स मेलन में हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठक मुरली मनोहर का मुख्य उद्बोधन रहेगा तथा भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान के गीता के माध्यम से जेल पुलिस यूनिवर्सिटी में अपराध मुक्त समाज की अलख जगा रहे राम कृष्ण गोस्वामी मुख्य अतिथि रहने वाले हैं तथा विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ प्रचारक जुगल किशोर जी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे राष्ट्रीय चिंतक डॉक्टर के के गुप्ता अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रहेंगे। कार्यक्रम में 1500 के आसपास विभिन्न श्रेणियों के लोग उपस्थित रहेंगे।

## एक दिवसीय सब्जी उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** संस्था माताश्री गोमती देवी जन सेवा निधि (लुपिन) अलवर द्वारा संचालित आजीविका विकास कार्यक्रम अन्तर्गत एक दिवसीय सब्जी उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, नोगांवा, अलवर में किया गया कार्यक्रम में संस्था के राजस्थान प्रमुख वेदप्रकाश शर्मा ने बताया की संस्था द्वारा जिले के राजगढ़ और लक्ष्मणगढ़ के 22 ग्रामों में सर्वे द्वारा चयनित आर्थिक रूप से अति कमजोर परिवारों के साथ विशेष आजीविका विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत इन परिवारों की आय बढ़ाने हेतु भैंस, बकरी, मुर्गी पालन के साधन व सिंचाई के साधन सब्जी उत्पादन आदि गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है, संस्था द्वारा परियोजना अन्तर्गत आज दोनो ब्लॉक के 25 किसानों का चयन कर एक दिवसीय सब्जी उत्पादन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद सभी किसानों की आजीविका बढ़ाने हेतु संस्था द्वारा सब्जी उत्पादन करने के लिए बीज व सिंचाई के साधन व फव्वारा यन्त्र आदि 90% सहयोग राशि में उपलब्ध करवाए जायेंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ सुभाष चंद यादव आचार्य , कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ने कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा संचालित योजना, बीज उपचार, पौध संरक्षण, भूमि उपचार करना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ दिलीप आचार्य ने सब्जी उत्पादन, बागवानी, बीमारी व उनके उपाय आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था के कार्यक्रम प्रभारी राजेश कुमार घीया, राजगढ़ के ब्लॉक कॉर्डिनेटर नरेश कुमार शर्मा, प्रशिक्षण में आर्थिक रूप से अति कमजोर परिवार के 25 किसानों ने भाग लिया।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शाहपुरा से पी.सी.सी.सदस्य सविता बेनीवाल ने प्रियंका गांधी के साथ मिलायें कदमताल

जयपुर टाइम्स



**शाहपुरा(निसं.)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं शाहपुरा विधानसभा की वरिष्ठ जनसेवका सविता बेनीवाल राजस्थान के बूंदी जिले के बबाई में चल रही भारत जोड़ो यात्रा में शाहपुरा का प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल हुई इस दौरान उन्होंने प्रियंका गांधी से मिली और शाहपुरा क्षेत्र की जनता का संदेश पहुंचाया एवं राजनीति में महिलाओं की भूमिका को लेकर सकारात्मक संवाद स्थापित किया। इस दौरान अधिक जानकारी देते हुए सविता बेनीवाल ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा का कारवां हर दिन अधिकाधिक वृद्धि के साथ बड़े ही हर्षोल्लास से ऊर्जा के साथ आगे बढ़ता जा रहा है और आमजन के अंतःकरण में एक खुशनुमा और अद्वितीय छाप छोड़ता हुआ संपूर्ण देश को एकता के सुत्र में पीरोता हुआ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता चला जा रहा हैं। उन्होंने इस पदयात्रा में उम्मीद और विश्वास का दामन थामे हर व्यक्ति एक सकारात्मक बदलाव और सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह यात्रा निश्चित रूप से देश की वर्तमान तानाशाही व निरंकुश केंद्र की भाजपा सरकार तथा इनकी गलत नितियों के जनित भय व द्वेष साम्प्रदायिकता से मुक्ति की ओर अग्रसर होकर मौजूदा संकीर्ण राजनीतिक परिस्थितियों को बदल कर जनता के हृदय की बात सुनने और देश को जोड़ने की ओर आगे बढ़ रहा है

## स्वास्थ्य बीमा योजना का सभी को लाभ दिलाने में सहयोग की अपील

**खैरथल(निसं.)।** राजकीय सेटेलाइट अस्पताल के पीएमओ डॉ राजेश लालवानी ने प्रमुख प्रबुद्ध जनों से मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ सभी परिवारों को दिलाने में सहयोग करने की अपील की है। पीएमओ डॉ राजेश लालवानी ने कृषि उपज मंडी समिति के सचिव सुरेन्द्र कुमार सैनी, संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, व्यापार समिति के अध्यक्ष अशोक डाटा आदि को पत्र लिखकर यह अपील की है जिसमें उन्होंने कहा है कि राज्यसरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री चिरजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में प्रति परिवार 10 लाख रुपए तक का चिकित्सा बीमा एवं 05 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा कवर है जिसकी बीमा राशि प्रति वर्ष रुपये 850/- प्रति परिवार है उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर अलवर के निर्देशानुसार प्रत्येक परिवार को इस योजना से जोड़ना है। जिसके लिए आपके सहयोग की परम आवश्यकता है बिना आपके सहयोग के पूरे खैरथल का बीमा होना सम्भव नहीं है उन्होंने अपने क्षेत्र में इसका पूर्णतः प्रचार करते हुए इस महत्वाकांक्षी योजना से प्रत्येक परिवार को जुड़वाने का पुनीत कार्य करवाने में सहयोग करने की अपील की है।

## राज्य स्तरीय गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाले दिव्यांग लव कुमार सैनी का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** राज्य स्तरीय गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाले दिव्यांग लव कुमार सैनी ने जिले का गौरव बढ़ाया है। मंगलवार को शहर के गणमान्य लोगों ने लव कुमार सैनी के घर पहुंचकर उनका सम्मान किया। लव कुमार सैनी का नगर परिषद के सभापति घनश्याम गुर्जर, संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, प्रमुख सलाहकार राजकुमार गोयल, महामंत्री राकेश शर्मा व मंत्री रामलाल सैनी सहित अन्य लोगों ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया।

**लव को मिले हैं दो गोल्ड**

स्टेट सिविल स्पोर्ट्स एंड गेम्स राजस्थान 10 से 11 दिसंबर को आयोजित हुई। इस राज्य स्तरीय गेम्स में स्पेशल ओलंपिक्स भारत राजस्थान की तरफ से श्री कृष्ण सेवा संस्थान के छात्र लव कुमार सैनी ने भी भाग लिया। दिव्यांग लव कुमार सैनी ने 100 मीटर रेस और 200 मीटर रेस में दो गोल्ड मेडल प्राप्त किए है। लव कुमार ने ऐज ग्रुप 16 से 21 वर्ग में।

# उमरैण में नारी चौपाल का हुआ आयोजन, विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं को सरकार की योजना, नियम अधिनियमों जानकारी की प्रदान

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** सक्षम अलवर अभियान के तहत समता, ममता व क्षमता घटक से ममता घटक के तहत जिला कलक्टर के नवाचार नारी चौपाल का ब्लॉक उमरैण में आयोजन किया गया। मालाखेडा प्रधान वीरमती देवी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से जिलेभर में नारी चौपाल का आयोजन एक सराहनीय कदम है जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में बल मिलेगा एवं उनकी परिवेदनाओं का त्वरित निराकरण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही एक मजबूत समाज का निर्माण किया जा सकता है। नारी चौपाल की नोडल अधिकारी एवं प्रशिक्षु आईएएस रिया डाबी ने नारी चौपाल में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही एक मजबूत समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नारी चौपालों के आयोजन से महिलाओं को योजनाओं एवं कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद मिलेगी। साथ ही चौपालों में महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान भी होंगे। जिले में लिंगानुपात के स्तर को सुधारने आयोजित हो रही नारी चौपालों का अहम योगदान रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की गई जिनकी जानकारी जिला प्रशासन इन चौपालों के माध्यम से उपलब्ध करा रहा है। उपखण्ड अधिकारी सोहन सिंह नरूका ने कहा कि साथ ही सामाजिक सोच में परिवर्तन होगा व भ्रूण हत्या, लिंग जांच जैसे अपराधों की रोकथाम के प्रति आमजन में जारूगता का प्रसार होगा। महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान करके ही समाज में उन्हें अग्रिम पंक्ति में लाया जा सकता है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित चिरंजीवी योजना, इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना, इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी प्रशिक्षण व कौशल संवर्धन योजना, शुभ शक्ति योजना, चिरंजीवी योजना, जनाधार पंजीकरण योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। सीओ सुरेश कुमार डूडी ने भी महिला सुरक्षा एवं कानून से जुड़े विषय पर विस्तार से अवगत कराया। महिला अधिकारिता विभाग के संरक्षण अधिकारी जुगल किशोर निठारवाल ने बताया कि उन्होंने बालिकाओं को घरेलू हिंसा रोकथाम, वन स्टॉप सेंटर, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, इंदिरा महिला शक्ति केंद्र व बाल विवाह रोकथाम सहित विभाग की शिक्षा सेतु निशुल्क आरएससीआईटी, आरएससीएफए, संशोधित महिला विकास ऋण योजना, इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर को उपखण्ड तिजारा में नारी चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीता जूली, उमरैण सरपंच बबीता देवी, सीए प्रियंका शेखावत, डॉ. गायत्री देवी, पत्रकार ज्योति शर्मा, डिजीटल एजुकेटर पूनम कंवर, मार्शल आर्ट एक्सपर्ट पायल सैनी ने महिला सशक्तिकरण पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय प्रदर्शनी लगाकर योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान प्रतिभागियों द्वारा सेल्फी पॉइन्ट पर सेल्फी भी ली गई।

### विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं को किया गया जागरूक

नारी चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं को विभागीय योजनाओं, नियमों व अधिनियमों की जानकारी प्रदान की जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा घरेलू हिंसा रोकथाम अधिनियम 2006, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम (निवारण प्रतिषेध एवं प्रतितोष 2013) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, वन स्टॉप सेंटर, सती रोकथाम अधिनियम 1987 महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, बाल विवाह निषेध अधिनियम, अनैतिक व्यापार (मानव तस्करी), पोक्सो एक्ट तथा महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इसी प्रकार महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा घूंघट प्रथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, इंदिरा महिला शक्ति उडान योजना एवं उडान योजना की जानकारी, शिक्षा विभाग द्वारा गुड टच बैड टच, चिकित्सा विभाग द्वारा चिरंजीवी योजना व कन्या भ्रूण हत्या, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पालनहार योजना व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना तथा परियोजना प्रबंधक राजीविका द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु बैंक लिंकेज एवं ऋण वितरण व्यवस्था, महिला एसएचजी गठन आदि विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान विकास अधिकारी उमरैण विरेन्द्र कुमार शर्मा, मुख्य ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी मधु भार्गव, बीसीएमओ मालाखेडा लोकेश मीना, बाल विकास परियोजना अधिकारी अतुल नैनावत सहित संबंधित अधिकारी, समस्त महिला पर्यवेक्षक एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## 25 दिसंबर को रॉयल ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित होगा स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** सर्व समाज संगठन रॉयल ग्रुप का विशाल रक्तदान शिविर 25 दिसंबर को होना तय हुआ है इस बारे में विस्तृत जानकारी देते रॉयल ग्रुप के संस्थापक रविंद्र सिंह चिंडालिया ने बताया कि रॉयल ग्रुप पिछले कई वर्षो से निरंतर रक्तदान शिविर लगवा रहा है इस वर्ष सांगानेर के हनुमान वाटिका रिसॉर्ट मैं रॉयल ग्रुप का विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा रॉयल ग्रुप पूरे जयपुर शहर के प्रत्येक विधानसभा में आने वाले दिनों में इस प्रकार के बड़े रक्तदान शिविर आयोजित करेगा कोरोना काल में भी रॉयल ग्रुप के द्वारा पिछले साल 30 से ज्यादा रक्तदान शिविर पूरे राजस्थान में लगवाए गए इस संगठन में सर्व समाज के लोग जुड़े हुए हैं और संगठन के द्वारा प्रतिदिन 10 से 15 लोगों को रक्त मुहैया कराया जाता है इसके अलावा भी रॉयल ग्रुप हर सामाजिक कार्य में पिछले 8 वर्षो से अपनी सेवाएं दे रहा है संगठन में पूरे राजस्थान भर से सर्व समाज के लोग जुड़े हुए हैं जो हमेशा सामाजिक कार्यो में आगे रहते हैं रॉयल ग्रुप गैर राजनीतिक संगठन है।।

# हजारों किसानों को मिली सौगात, दलहन-तिलहन खरीद की पंजीयन सीमा 10 प्रतिशत बढ़ी

## समर्थन मूल्य पर खरीद के तहत किया गया निणर्य, 41 हजार 271 किसानों को मिलेगा लाभ, मूंग एवं मूंगफली के पेटे 118.66 करोड़ रुपये का किया भुगतान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** राज्य में समर्थन मूल्य पर मूंग, उडद, मूंगफली एवं सोयाबीन की खरीद के लिए पंजीयन की सीमा को 10 प्रतिशत बढ़ाया गया है। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने मंगलवार को बताया कि पंजीयन सीमा को मूंग के 368 खरीद केन्द्रों, मूंगफली के 270, उड़द के 166 तथा सोयाबीन के 83 केन्द्रों पर बढ़ाया गया है। इस निर्णय से प्रदेश के 41 हजार 271 अतिरिक्त किसानों को लाभ मिलेगा। आंजना ने बताया कि पंजीयन सीमा बढ़ाने से मूंग के 10 हजार 775 किसान, मूंगफली के 15 हजार 856 किसान, उडद के 2 हजार 158 किसान एवं सोयाबीन के 12 हजार 482 किसान और लाभान्वित होंगे। समर्थन मूल्य पर चल रही खरीद के



लिए 67409 किसानों ने मूंग के लिए एवं मूंगफली के लिए 22638 किसानों ने पंजीयन कराया है तथा 26583 किसानों से 50389 मीट्रिक टन मूंग की खरीद की जा चुकी है। जिसकी राशि 390.77 करोड़ रुपये है तथा मूंगफली की खरीद 638 मीट्रिक टन की जा चुकी है। जिसकी राशि 3.73 करोड़ रुपये है। अब तक 7 हजार 698 किसानों से 118.66 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। शेष किसानों को भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

### सौ फीसदी किसान दलहन-तिलहन विक्रय का करवा सकेंगे पंजीयन

सहकारिता मंत्री ने बताया कि मूंग के 3.03 लाख मीट्रिक टन, उड़द के 62508 मीट्रिक टन, मूंगफली के 4.66 लाख मीट्रिक टन एवं सोयाबीन के 3.62 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य स्वीकृत किए गए है। प्रारंभ में 90 प्रतिशत सीमा तक कृषक पंजीयन व्यवस्था की गई थी। न्यूनतम समर्थन पर मूल्य दलहन एवं तिलहन खरीद योजना का लाभ अधिकाधिक किसानों को उपलब्ध कराने की दृष्टि से 10 प्रतिशत और पंजीयन बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इससे स्वीकृत लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत सीमा तक किसान दलहन-तिलहन विक्रय के लिए पंजीयन करा सकेंगे।

# चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत ई-केवाईसी हो सुनिश्चितः जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।।** जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत आशा सहयोगिनियों और आंगनबाड़ी कार्याकताओं के माध्यम से ई-केवाईसी करवाने और योजनाओं के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को पंजीकृत करवाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों को आगामी 7 दिवस में ई-केवाईसी पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

इस दौरान जिला कलक्टर ने वीसी में कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़ी पेन्शन योजनाओं के प्रकरणों का सत्यापन सुनिश्चित हो जिससे सत्यापन के अभाव में लाभार्थी के पेन्शन परिलाभ नही रूकने चाहिए। जिन पात्र लाभार्थियों की पेन्शन रूकी हुई हैं उनको जन-आधार से जोड़कर शीघ्र सत्यापन करवाया जाए। साथ ही पालनहार योजना के तहत चाकसू, कोटखावदा, किशनगढ़ रेनवाल के उपखण्ड अधिकारियों को अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने के के निर्देश दिये। वीसी के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) शंकर लाल सैनी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) अमृता चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर गाली देने वाली लेडी डॉन गिरफ्तारःदोस्तों के साथ मिलकर युवक को मारी थी गोली, जयपुर में पकड़ी गई



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** जयपुर में फरारी काटने आई लेडी डॉन रेखा मीना (20) को रामनगरिया पुलिस ने अरेस्ट किया है। पुलिस ने मंगलवार दोपहर जगतपुरा में दबिश देकर उसे पकड़ा है। करौली में दोस्तों के साथ एक युवक को गोली मारने के बाद वह वहां से भागी थी। लेडी डॉन को अरेस्ट करने की सूचना करौली पुलिस को दे दी गई है। उसे जल्द ही करौली पुलिस के हवाले किया जाएगा।

डीसीपी (ईस्ट) राजीव पचार ने बताया कि रेखा मीना पुत्री कमल मीना निवासी टोडाभीम करौली को अरेस्ट किया गया है। आरोपी के खिलाफ 29 नवंबर को करौली के कोतवाली थाने में योगेश जादौन (19) ने मामला दर्ज करवाया था। योगेश ने करौली पुलिस को पर्चा बयान में बताया कि वह 29 नवंबर की दोपहर करीब 2:30 बजे स्कूल से पढ़कर घर जा रहा था। अंजनी माता मंदिर के पास वीरवास रोड पर 4 लड़के और 2 लड़कियां शराब पी रही थीं। मना करने पर वह गाली-गलौच करने लगे। उनमें से एक लड़के ने छोटी-सी बंदूक निकालकर फायर कर दिया। पीठ में गोली मारने के बाद उसे लहूलुहान हालत में रोड पर गिरा देखकर वहां से भाग निकले।

### जगतपुरा में काट रही थी फरारी

हत्या के प्रयास के बाद फरारी काटने के लिए आरोपी लेडी डॉन रेखा मीना करौली से भागकर जयपुर आ गई। जयपुर के जगतपुरा में रहकर वह फरारी काट रही थी। मंगलवार दोपहर रामनगरिया थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। मुखबिर की सूचना पर जगतपुरा से उसे पकड़ा गया।

### फेसबुक पर विरोधियों को देती है गालियां

टोडाभीम के नांगला लाट की रहने वाली रेखा की बचपन में ही मां की मौत हो गई। गांव में ही पिता खेती कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। जयपुर के जगतपुरा में रहकर स्कूली पढ़ाई करने वाली रेखा कब क्राइम की दुनिया में चली गई, पिता को पता नहीं चला। रेखा विरोधी गुट को तो फेसबुक लाइव पर घंटों गाली देती है।

### फॉलोअर्स भी पीछे नहीं

लेडी डॉन रेखा मीना फेसबुक और यू-ट्यूब पर भी आगे है। लड़ाई-झगड़े तो मामूली बात हैं, तमंचे पर डिस्को कर रील्स बनाने वाली रेखा के बड़ी संख्या में फॉलोअर हैं। रेखा की हर मूवमेंट के लाइव होते ही उनके चेहते भी उनका वीडियो शेयर करने में पीछे नहीं रहते। साथ ही स्पोर्ट्स बाइक और कार चलाने का भी शौक है।

## बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष पूनिया बोले- राजस्थान में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया

# राहुल गांधी से पूछा 9वां सवाल- प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्ति कब दिलाएंगे ?

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** राजस्थान बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सामने लगातार नौवां सवाल दागा है। पूनिया ने कहा- राजस्थान में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है। राहुल गांधी प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्ति कब दिलाएंगे ? पूनिया ने वीडियो संदेश जारी कर कहा- आज फिर से मेरा नौवां सवाल कांग्रेस नेता राहुल गांधी से है। वो यात्रा तो कर रहे हैं लेकिन ये जरूर तय कर लें कि राजस्थान में भ्रष्टाचार का आंकड़ा हर 12 किलोमीटर पर अपनी कहानी कहता है। ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल से लेकर तमाम संस्थाओं ने इस बात को पुख्ता किया है कि राजस्थान देश के अधिकतम भ्रष्ट राज्यों में से एक है। ये बानगी पिछले पूरे 4 साल के पीरियड में दिखी है। मेन्यू कार्ड तक बन गया कि जिस तरह रेस्टोरेंट में अलग-अलग डिशेज के ऑर्डर देंगे। उसी तरह अलग-अलग सरकारी महकमों में कामों की रेट फिक्स है। इसे भी कहीं न कहीं किसी न किसी व्यक्ति ने डायरेक्ट-इनडारेक्ट तौर पर स्वीकार किया है।



पूनिया बोले- कांग्रेस सरकार के अपने ही मंत्री और विधायक सदन से लेकर सड़क तक, चिट्ठी से लेकर जुबान तक कई मौकों पर इस बात को प्रकट करते आए हैं। जीरो टोलरेंस की बात करने वाले मुख्यमंत्री राजस्थान के इस भ्रष्ट तंत्र को अभी तक नहीं तोड़ पाए। एक बार किसी सामान्य समारोह में उन्होंने पूछा कि क्या तबादलों के लिए रिश्वत देनी पड़ती है, तो उधर सामने से आवाज आई **हां**, उनको भरोसा नहीं हुआ, तो दोबारा मंत्री की मौजूदगी में पूछा। फिर से आवाज आई कि तबादलों के लिए पैसे देने पड़ते हैं। ये बानगी है। लेकिन खनन से लेकर और आकाश से लेकर पाताल तक राजस्थान में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां भ्रष्टाचार का बोलबाला नहीं हो। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के कुशासन में ऐसा लगता है कि भ्रष्टाचार अब शिष्टाचार बन गया है। राहुल गांधी से मेरा नौवां सवाल ये है कि राजस्थान को भ्रष्टाचार से मुक्ति कब दिलाएंगे ? बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया पिछले 9 दिन से लगातार राहुल गांधी से सवाल पूछ रहे हैं। उनके सभी सवालों को राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस सरकार नजर अंदाज किए हुए हैं। एक भी सवाल का जवाब अब तक नहीं दिया गया है। राहुल गांधी की 18 दिन की राजस्थान यात्रा के दौरान पूनिया ने रोजाना एक सवाल उनसे पूछने का फैसला लिया है। पूनिया रोजाना एक सवाल पूछ भी रहे हैं।

# जयपुर में झुग्गी-झोपड़ी में मिली युवक की लाश

## गले में बंधा मिला बिजली वायर का फंदा, घुटनों के बल जमीन पर बैठा मिला



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** जयपुर में झुग्गी-झोपड़ी में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के गले में बिजली वायर का फंदा बंधा हुआ था। शिप्रापथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक का शव घुटनों के बल जमीन पर टिका हुआ था। पुलिस ने मृतक की पहचान नहीं होने पर शव को जयपुरिया हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया है। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में मामला सुसाइड का मान रही है।

एसआई नरेन्द्र सिंह ने बताया कि SFS मानसरोवर स्थित फनकिंगडम के पास झुग्गी-झोपड़ी में युवक का शव मिला है। 4 दिसम्बर की दोपहर लोगों ने सूचना दी कि झुग्गी-झोपड़ी में एक युवक ने सुसाइड कर लिया है। फंदे से उसका शव लटका हुआ है। लोगों की सूचना पर शिप्रापथ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। झुग्गी-झोपड़ी में युवक के गले में बिजली का वायर बंधा मिला। वह जमीन पर घुटनों के बल बैठी हालत में मिला। पुलिस ने मौके से सबूत जुटाने के बाद शव को फंदे से नीचे उतारा। जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को जयपुरिया हॉस्पिटल की मॉच्यूरी भिजवाया।

### 20 दिन पहले ही बनाई थी झुग्गी-झोपड़ी

पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि करीब 20 दिन पहले ही मृतक ने यहां रहने के लिए झुग्गी-झोपड़ी बनाई थी। आस-पास रहने वाले लोगों ने बताया कि मृतक से उनकी बातचीत नहीं होती थी। उसे कचरा बीनने का काम करते देखा गया था। पुलिस का कहना है कि देर रात युवक ने झुग्गी-झोपड़ी में बिजली वायर से फंदा लगाकर सुसाइड किया। मृतक की उम्र करीब 30 साल है। उसका रंग-गेहूंआ, कद- 5.5 फीट है। उसने नीले रंग की टी-शर्ट, पजामा, लाल रंग के जूते और दाहिने हाथ में कड़ा पहन रखा है। मृतक की पहचान नहीं होने पर शव जयपुरिया हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया है।

# गजेंद्र सिंह बोले-गहलोत सरकार के खिलाफ 14 लाख शिकायतें मिलीं

## 15 से 31 दिसंबर तक विधानसभा लेवल पर होंगी बड़ी जनाक्रोश सभाएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा-प्रदेश की गहलोत सरकार के खिलाफ जन आक्रोश यात्रा में बीजेपी को 14 लाख शिकायतें मिल चुकी हैं। इनमें 11 लाख से ज्यादा हाथ से लिखी हुई हैं। 3 लाख ऑनलाइन वेबसाइट पर मिली हैं। पार्टी ने फैसला लिया है कि 15 से 31 दिसंबर तक राजस्थान में विधानसभा लेवल पर बड़ी जनाक्रोश सभाएं होंगी। जिसमें राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेता रात में दौरे (प्रवास) करेंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में 8 से 10 कार्यकर्ता जाएंगे। प्रदेश में 2000 कार्यकर्ता दौरे करेंगे। जनता के बीच प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियां और केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएंगे।

### अब तक 82 लाख 75 हजार लोगों से जुड़े

जयपुर में राजस्थान प्रदेश बीजेपी मुख्यालय पर शाम को प्रेस वार्ता कर गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा- बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के नेतृत्व में हम राजस्थान में जन आक्रोश यात्रा निकाल रहे हैं। अब तक राजस्थान में 200 रथों ने 94 हजार किलोमीटर की यात्रा निकाली गई है। 50 हजार 367 छोटी बड़ी नुक्कड़ सभाएं आयोजित हुई हैं। 82 लाख 75 हजार से ज्यादा लोगों से रथ यात्रा के जरिए हम जुड़े हैं। जनाक्रोश यात्रा में दो तरीके से जनता से शिकायतें ली गईं। शिकायत पेटी और वेबसाइट के जरिए शिकायतें आईं। 11 लाख 87 हजार हाथ से लिए हुए आरोप पत्र प्राप्त किए हैं।वेबसाइट पर 3 लाख शिकायतें दर्ज हुई हैं। 75 लाख आरोप पत्र बांटे गए हैं। 31 लाख स्टीकर लगाए गए हैं। अभियान में युवाओं, महिलाओं, एससी-एसटी ही हजारों चौपालें की गई हैं।

### 15 से 31 दिसंबर तक बड़ी जन आक्रोश सभाएं विधानसभा लेवल पर होंगी



गजेंद्र सिंह बोले- 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक विधानसभा लेवल पर बड़ी जन आक्रोश सभाएं होंगी। जिनमें बूथ महासम्पर्क अभियान भी चलाया जाएगा। घर-घर जनाक्रोश के संदेश को ले जाकर जन भावनाओं को इकट्ठा करेंगे। 25 दिसंबर को जब देश पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में सुशासन दिवस मना रहा होगा, तब बीजेपी के कार्यकर्ता प्रदेश के सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम भी सुनेंगे। प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में बड़ी जनसभाएं होंगी। जिनमें प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेता जाकर संबोधित करेंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में 8 से 10 कार्यकर्ता और पूरे प्रदेश में करीब 2000 कार्यकर्ता रात को क्षेत्र में ही स्टे करेंगे। शेखावत ने कहा-राजस्थान में यह एक ऐसी ऐतिहासिक यात्रा हुई है। जिसमें हर गांव-ढाणी और अधिकतर लोगों तक पहुंचने का काम किसी पॉलिटिकल पार्टी ने किया है।

### केंद्र की लोक कल्याण की योजनाओं को राजस्थान में पटरी से उतारा

शेखावत ने कहा- 2014 से लेकर अब तक केंद्र की मोदी सरकार की लोक कल्याण की योजनाओं को यात्रा के जरिए जनता तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश में जब बीजेपी की सरकार थी, तो केंद्र की योजनाओं का सही इम्प्लीमेंटेशन हो रहा था। लेकिन 2018 में राजस्थान में सरकार बदलने के बाद भारत सरकार की आम लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने की योजनाओं को पटरी से उतार दिया गया है। राजस्थान 61 योजनाओं में नीचे से तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना में राजस्थान पिछड़ा है। 3 जिलों- दौसा, झुंझुनूं, राजसमंद में शून्य काम पिछले सालों में हुआ है। सीकर, जयपुर, धौलपुर, डूंगरपुर, पाली, बूंदी, चूरू, बारां में आवास का काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग ने भी इसमें लापरवाही को स्वीकार किया गया है।

### लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण गरीबों को अन्न नहीं मिल पाया

इसी तरह केंद्र से राजस्थान सरकार की मांग के मुताबिक खाद उपलब्ध करवाने के बावजूद प्रदेश सरकार के संरक्षण और सरकार के नुमाइंदों के संरक्षण में खाद की कालाबाजारी हुई। उससे जनता में भारी जन आक्रोश है। एनएफएसए और पीएम की ओर से दी गई सहायता के मुताबिक गरीब व्यक्ति का चूल्हा जलता रहे, इस टारगेट के साथ खाद्यान्न उपलब्ध करवाया गया। लगातार ढाई साल तक खाद्यान्न उपलब्ध करवाया गया। राजस्थान सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण गरीबों को अन्न नहीं मिल पाया। राजस्थान सरकार के मंत्री ने खुद प्रेस स्टेटमेंट में अधिकारियों को इसके लिए दोष दिया है।

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री ने कहा - हर घर पीने का पानी पहुंचाने की योजना 15 अगस्त 2019 में पीएम नरेंद्र मोदी ने घोषित की थी। तब देश में 16 फीसदी कवरेज था। वह बढ़कर आज 56 परसेंट को छूने वाला है। राजस्थान में सबसे ज्यादा बजट का आवंटन योजना के तहत हुआ। 27-28 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का बजट केंद्र से दिए जाने के बावजूद राजस्थान सरकार आज तक 5000 करोड़ का ही बजट खर्च कर पाई है। कुल योजना में 50-50 फीसदी पैसा केंद्र और राज्य सरकार निवेश करती है। राजस्थान सरकार को भी 27 हजार करोड़ रुपए देना था।

# जयपुर में 4 बीएलओ निलंबित

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श नगर एरिया के बीएलओ पर की कार्यवाही

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** राजस्थान में अगले साल विधानसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्ट में अपडेशन और संशोधन का काम शुरू कर दिया है। इस काम में लापरवाही बरतने पर आज जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर ने 4 बीएलओ को निलंबित किया है। ये सभी बीएलओ जयपुर की आदर्श नगर विधानसभा एरिया में नियुक्त थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीएलओ इमरान कुरेशी कनिष्ठ सहायक कार्यालय रजिस्ट्रार सहकारी समिति जयपुर, जितेंद्र मीणा कनिष्ठ सहायक निदेशालय पशुपालन विभाग जयपुर, मनमोहन शर्मा कनिष्ठ सहायक उप निदेशक आयुर्वेद विभाग जयपुर और पंकज कुमार जाट कनिष्ठ सहायक नगर निगम ग्रेटर जयपुर को काम में लापरवाही बरतने पर निलंबित किया है।



# एक फीसदी उपभोक्ताओं ने भी नहीं लिए फाइबर सिलेंडर

## आग लगने पर फटने के बजाए पिघल जाते हैं, कंपनी और डीलर्स नहीं कर रहे जागरूक

**जयपुर(कासं)।** रसोई गैस सिलेण्डर लीकेज से होने वाली हादसों को रोकने के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. ने फाइबर के सिलेण्डर बाजार में उतारे। इन सिलेण्डर की खासियत ये है कि ये लीकेज के बाद आग लगने पर भी फटते नहीं, बल्कि पिघल जाते है। यही नहीं ये सिलेण्डर लोहे के सिलेण्डर की तुलना में 60 फीसदी हल्के होते है। लेकिन लोगों को इन सिलेण्डरों की जानकारी नहीं होने और कंपनी, डीलर्स की तरफ से प्रचार-प्रसार नहीं करने के कारण लोग इसका उपयोग ही नहीं कर रहे।

वर्तमान में फाइबर के सिलेण्डर केवल IOCL कंपनी ही उपलब्ध करवा रही है। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम इन सिलेण्डरों को अभी अपने ग्राहकों को उपलब्ध नहीं करवा रही है। करीब एक साल पहले IOCL ने राजस्थान में फाइबर सिलेण्डर मार्केट में उतारे, लेकिन तब से अब तक एक फीसदी ग्राहकों के घरों में भी ये सिलेण्डर नहीं पहुंच सके।

आपको बता दें कि साल 2018 में अजमेर के ब्यावर में रसोई गैस सिलेण्डर फटने से 19 लोगों की, जबकि कुछ दिन पहले जोधपुर के शेरगढ़ में सिलेण्डर फटने से 12 लोगों की दर्दनाकर मौत हो गई थी।

### 74.29 लाख उपभोक्ता है IOCL के

राजस्थान में तीनों तेल कंपनियों के पौने दो करोड़ के लगभग ग्राहक है, जिनमें से अकेले IOCL के 74.29 लाख ग्राहक है। इन ग्राहकों में से अब तक केवल 7550 ने ही अपने पुराने सिलेण्डर को रिप्लेस करवाकर नए फाइबर के सिलेण्डर उपयोग करने शुरू किए है। ये संख्या IOCL के कुल ग्राहकों की संख्या का एक फीसदी भी नहीं है।

## सम्पादकीय

### पहचान का दायरा

जम्मू-कश्मीर प्रशासन वहां सभी परिवारों का एक विशिष्ट पहचान-पत्र बनाने जा रहा है। वहां के उपराज्यपाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री ने इससे संबंधित एक दृष्टिपत्र जारी किया। बताया गया है कि इस कदम से विभिन्न सामाजिक योजनाओं के लाभार्थियों का चयन करना आसान होगा। इस पहचान-पत्र में हर परिवार का एक विशिष्ट कोड होगा। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने दावा किया है कि इसमें सूचनाओं की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम होगा। मगर भाजपा को छोड़ कर सभी राजनीतिक दलों ने इस योजना का विरोध किया है। पूछा है कि जब पहले से इसी तरह का एक पहचान-पत्र आधार कार्ड के रूप में मौजूद है, तो अलग से एक पहचान-पत्र की क्या आवश्यकता है। फिर सरकार की व्यक्तिगत सूचनाओं की सुरक्षा के मामले में विफलता को भी गहरे रेखांकित किया जा रहा है। हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से जम्मू-कश्मीर बेहद संवेदनशील क्षेत्र है। वहां आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाना चुनौती है। अक्सर सुरक्षाबलों और दहशतगर्दों के संघर्ष में वहां के निर्दोष नागरिक भी शक के दायरे में आ जाते और कई बार मारे जाते हैं। ऐसे में अगर डिजिटल पहचान का कोई पुख्ता और व्यावहारिक तंत्र हो, तो सुरक्षा मामलों में भी आसानी हो सकती है।मगर जम्मू के लोग इस पहचान-पत्र को स्वीकार भी कर लें, तो कश्मीर के लोगों को इसके लिए राजी करना आसान नहीं होगा। दरअसल, पिछले आठ-नौ सालों में केंद्र और घाटी के लोगों के बीच अविश्वास लगातार गहरा होता गया है। खासकर जम्मू-कश्मीर की स्वायत्तता समाप्त होने के बाद वहां भरोसे की जमीन दरक चुकी है।ऐसे में विशिष्ट पहचान-पत्र के लिए डिजिटल डेटा इकट्ठा करने की योजना को वहां के लोग स्वाभाविक ही शक की नजर से देखने लगे हैं। चीन में इस तरह जैविक सूचना एकत्र करने के बाद जिस तरह आंदोलनों आदि के समय प्रशासन ने लोगों को प्रताड़ित करना शुरू किया, उसके उदाहरण अब सबको पता हैं।ऐसे में केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के लिए लोगों को यह समझाना बहुत मुश्किल होगा कि वास्तव में उनका इरादा ई-गवर्नेंस को प्रभावशाली और सामाजिक योजनाओं को वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचाना है। केंद्र ने आपराधिक मामलों में न्याय की गति तेज और सुगम बनाने के मकसद से भी अपराधियों का जैविक विवरण डिजिटल रूप में इकट्ठा करने का प्रस्ताव रखा था, मगर उसका विपक्षी दलों ने पुरजोर विरोध किया था।दरअसल, लोगों के जैविक आंकड़े इकट्ठा करना उनकी निजता का हनन माना जाता रहा है। इसीलिए शुरू में आधार कार्ड का भी विरोध हुआ था। अब तो अनेक उदाहरण हैं, जब लोगों के निजी आंकड़े बड़े पैमाने पर बाजार में बेच दिए गए। इसलिए भी कश्मीर के लोग शायद ही इसके लिए तैयार हों। फिर सबसे बड़ी अड़चन है कि वहां के लोग अब भी यह स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि वे भारतीय शासन के अधीन हैं। वे खुद को स्वतंत्र मानते हैं। दरअसल, सरकार और वहां के लोगों के बीच लंबे समय से संवाद रुका हुआ है। आतंकवाद खत्म करने के नाम पर वहां हथियार का उपयोग अधिक होता है, जिसका शिकार वहां के बहुत सारे बेगुनाह लोग हो जाते हैं। तमाम विशेषज्ञ राय देते रहे हैं कि अगर कश्मीर में अमन कायम करना है, तो पहले वहां के लोगों से बातचीत का सिलसिला शुरू करना चाहिए। जब तक वहां के लोगों में भरोसा नहीं बनेगा कि सरकार सचमुच उनके हित में कदम उठा रही है, तब तक विशिष्ट पहचान-पत्र योजना की कामयाबी का दावा करना मुश्किल बना रहेगा।

### साइबर जोखिम



देश में साइबर हमलों की संख्या में पिछले कुछ सालों से तीन गुना वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2019 में भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम द्वारा चिह्नित किए गए साइबर हमलों की संख्या चार लाख से नीचे थी, लेकिन इस वर्ष जून तक ही 6,74,021 घटनाएं दर्ज की गई। साइबर सुरक्षित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत सरकार को एक मजबूत रणनीति बन बनानी होगी जो सरकारी प्रणालियों, नागरिकों और व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा करे। यह न केवल नागरिकों को साइबर खतरों से बचाने में मदद करेगा, बल्कि अर्थव्यवस्था में निवेशकों का विश्वास भी बढ़ाएगा। हाल ही में देश के महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली में साइबर हमला हुआ। यह एजेंसियों द्वारा सुलझा भी नहीं था कि फिर साइबर हमलावरों ने सरकारी जलशक्ति मंत्रालय के ट्विटर अकाउंट को आंशिक रूप से हैक कर लिया। देश के सरकारी वेबसाइटों पर यह दूसरा साइबर हमला था।साइबर अपराधों में बेतहाशा वृद्धि को देखते हुए उपभोक्ताओं को डिजिटल दुनिया में अधिक जागरूक रहना होगा। डिजिटल उपभोक्ताओं को यह समझने की जरूरत है कि हम एक बड़ी साइबर श्रृंखला से जुड़े हुए हैं। उनको अपने यंत्र, कंप्यूटर और लैपटाप को सुरक्षित बनाए रखने के लिए उचित फायरवाल, एंटीवायरस और सुरक्षा मानकों को अपनाना चाहिए। कोई जानकारी आनलाइन साझा करने के दौरान लापरवाही नहीं करनी चाहिए। किसी तीसरे पक्ष द्वारा दिए लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। देश को अधिक साइबर सुरक्षित बनाने के लिए हमें अपने स्तर पर सहयोग देने की आवश्यकता है। आंकड़े बताते हैं कि कैसे कतर के जिस दिन से 2022 का फुटबाल विश्वकप की मेजबानी करने का घोषणा हुई, उसी समय से वहां प्रवासी मजदूरों के साथ घोर अत्यचार का दौर भी शुरू हो गया। मजदूरों को प्रताड़ित किया जाना, उन्हें अमानवीय परिस्थितियों में रखा जाना, उनका वेतन भुगतान समय पर नहीं किया जाना, पासपोर्ट जब्त कर लेने से लेकर बारह से लेकर अठारह घंटों तक काम कराना। पुष्ट खबरों के अनुसार भारत, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका के आंकड़ों से पता चला है कि 2011-2020 की अवधि में 5,927 प्रवासी श्रमिकों की मौत हो हुई। अलग से कतर में पाकिस्तान के दूतावास के आंकड़ों ने 2010 और 2020 के बीच 824 पाकिस्तानी श्रमिकों की मौतों की पुष्टि की है। कतर की हुकूमत इन मृतकों के परिवारजनों से सहानुभूति जताने के स्थान पर आज भी उनका उपहास उड़ा रही है। इससे दुनिया भर के मानवाधिकार संगठों एवं कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया है। क्या अब भी फीफा को यही लग रहा है कि कतर को मेजबानी देना एक सही फैसला था।

## चुनौतियों के बरक्स एक अवसर




जी-20 का नेतृत्व करते हुए भारत को अपने लिए कुछ आर्थिक उद्देश्य निश्चित करने चाहिए। उनमें विभिन्न वैश्विक आर्थिक संस्थानों से बुनियादी ढांचे के लिए आर्थिक सहायता प्राप्त करना और आयात लागत को तुलनात्मक रूप से कम करने के लिए आर्थिक महाशक्तियों के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाना मुख्य उद्देश्य होने चाहिए। अगर यह संभव हो पाता है, तो भारत अपना विदेशी मुद्रा भंडार सदा सुरक्षित रखने में सक्षम हो पाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने सदा अवसरों की तुलना में चुनौतियां अधिक रही हैं। आजादी के बाद के पहले चार दशक तक अर्थव्यवस्था सरकारी नियंत्रण में थी और उसका मुख्य जोर कृषि क्षेत्र को विकसित करने और आधारभूत संरचना के विकास पर केंद्रित था। उस दौरान भी पड़ोसी देशों से युद्ध, अकाल के कारण खाद्यान्न की कमी आदि चुनौतियों का सामना करना पड़ा। फिर भी आर्थिक नीतियों में सदा पूर्वानुमान को प्राथमिकता देते हुए सर्वांगीण विकास को महत्त्व दिया गया। 1990 के आर्थिक सुधारों के बाद आर्थिक विकास में तेजी आई, जिसके चलते आर्थिक विकास के स्तर पर आज भारत विश्व के शीर्ष मुल्कों में पांचवें पायदान खड़ा है। आज भारतीय अर्थव्यवस्था तकरीबन साढ़े तीन खरब अमेरिकी डालर के बराबर है। हालांकि इन सबके बावजूद भारत के लिए आर्थिक चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं, जिनमें विशाल जनसंख्या के लिए रोजगार, महंगाई, गरीबी और अमीरी के बीच लगातार बढ़ती खाई, शिक्षा में गुणवत्ता का स्तर, ग्रामीण व्यक्ति के आर्थिक स्तर में प्रगति, असंगठित क्षेत्रों में संलग्न व्यक्तियों को आर्थिक सुरक्षा, छोटे उद्योगों में लागत तथा गुणवत्ता के स्तर पर अच्छी जानकारियों का अभाव आदि मुख्य हैं। इन सबके बीच भारत को जी-20 देशों का नेतृत्व करना है। निश्चित रूप से यह एक ऐसा अवसर है, जिसे भारत आगामी एक वर्ष तक अपने आर्थिक दीर्घकालीन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अच्छे ढंग से नियोजित कर सकता है। अगर इसका क्रियान्वयन सकारात्मक रहा तो भारतीय अर्थव्यवस्था को पांच खरब अमेरिकी डालर तक पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगेगा और भारत विश्व के तीन शीर्ष आर्थिक महाशक्तियों में शुमार हो जाएगा। गौरतलब है कि जी-20 की स्थापना एशिया महाद्वीप में 1997-98 के दौरान शुरू हुए आर्थिक संकट से निपटने के लिए हुई थी। उस दौरान जब थाईलैंड ने अपनी मुद्रा को अमेरिकी डालर की तुलना में नियंत्रित करने की कोशिश की, तो उसके दुष्प्रभाव फिलीपींस, मलेशिया, दक्षिण कोरिया आदि देशों पर पड़े थे। तब एशिया महाद्वीप के आर्थिक संकट का बड़ी अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को रोकने के लिए विश्व के सबसे बड़े आर्थिक संगठन जी-8 को विस्तार देकर जी-20 बनाया गया था। आज के वर्तमान परिदृश्य में जी-20 के अंतर्गत सम्मिलित सभी देशों की अर्थव्यवस्था का वर्तमान स्तर पचहत्तर खरब अमेरिकी डालर है, जो लगभग वैश्विक जीडीपी का पचासी प्रतिशत है। इसके अलावा संपूर्ण विश्व के अंतरराष्ट्रीय व्यापार में जी-20 में सम्मिलित देशों का योगदान पचहत्तर प्रतिशत है। यह इस बात को स्पष्ट करता है कि जी-20 में सम्मिलित सभी मुल्क आज के दौर की सभी वैश्विक आर्थिक नीतियों के ढांचे को निर्धारित करने के पीछे मुख्य भूमिका निभाते हैं। जी-20 में शामिल मुल्कों में अमेरिका, चीन, जर्मनी, भारत और जापान की विश्व की आधी से अधिक आबादी निवास करती है। विश्व के बड़े आर्थिक संस्थान, जिनमें विश्व बैंक, आइएमएफ, संयुक्त राष्ट्र, डब्ल्यूटीओ आदि जी-20 के मुख्य भाग हैं, इसलिए यह एक बड़ी उपलब्धि है कि भारत ने जी-20 जैसे आर्थिक संगठन की कमान संभाली है। इन दिनों वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता है। इसके पीछे कोरोना महामारी के आर्थिक दुष्प्रभाव कारण हैं, तो वहीं पिछले ग्यारह महीनों से रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध भी एक मुख्य समस्या है। इसी वर्ष श्रीलंका का आर्थिक संकट भी पूरे विश्व ने देखा। फिर इस बात की भी सुगबुगाहट है कि अमेरिकी आर्थिक नीतियों के चलते वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी आने को है। अमेरिकी फेड द्वारा जानबूझ कर लगातार की जा रही ब्याज दरों में बढ़ोतरी से तुलनात्मक रूप से अमेरिकी डालर वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रहा है, जिसके चलते दूसरे देशों की मुद्रा पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। सभी मुल्कों में आयात महंगा होता जा रहा है, जिससे घरेलू स्तर पर महंगाई बढ़ रही है। जिन विकासशील मुल्कों ने कई वैश्विक आर्थिक संस्थानों से कर्ज लिए हुए हैं, डालर की मजबूती उन्हें और अधिक ब्याज का भुगतान करने के लिए विवश कर रही है। रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के मूल्य बढ़ गए हैं। उर्वरकों की आपूर्ति में कमी देखी जा रही है, जो कृषि क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। इन सब आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए पूरा विश्व जी-20 से एक सकारात्मक सोच और नई नीतियों की अपेक्षा कर रहा है। पिछले दिनों जब जी-20 का नेतृत्व मिला तो इस बात पर मंथन शुरू हो गया कि इसके माध्यम से भारत अपनी अर्थव्यवस्था को क्या-क्या अवसर उपलब्ध करा सकता है

भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने मुख्य चुनौतियों में कृषि क्षेत्र को उन्नत करना, बेरोजगारी का निवारण, आधारभूत संरचनाओं को वैश्विक स्तर का बनाना और निर्माण के क्षेत्र में भारत के उद्योग-धंधों को अधिक से अधिक वैश्विक अवसर उपलब्ध कराना मुख्य है।

> ग्रामीण व्यक्ति के आर्थिक स्तर में प्रगति, असंगठित क्षेत्रों में संलग्न व्यक्तियों को आर्थिक सुरक्षा, छोटे उद्योगों में लागत तथा गुणवत्ता के स्तर पर अच्छी जानकारियों का अभाव आदि मुख्य हैं। इन सबके बीच भारत को जी-20 देशों का नेतृत्व करना है। निश्चित रूप से यह एक ऐसा अवसर है, जिसे भारत आगामी एक वर्ष तक अपने आर्थिक दीर्घकालीन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अच्छे ढंग से नियोजित कर सकता है।

**यह लेखक के निजी विचार हैं**

## एक नया रोजनामचा, एक बेबस तलाश



आ महामारी रुखसत ले रही है। यह विद्वानों ने हमें बता दिया है। लेकिन इस देश में महामारी कब आती है, कब अपना रूप दिखाती है और कब अलविदा लेकर चली जाती है, कुछ पता नहीं चलता, क्योंकि यहां महामारियों की कतार लगी है। एक महामारी हमारी जिंदगियों के मंच से विदा भी नहीं होती कि एक और महामरी मंच पर उभर आती है कि जैसे उसके हटने का इंतजार ही कर रही हो। आम आदमी परेशान और जीने मरने का वही सिलसिला फिर से शुरू हो जाता है। लोग जो सुनते हैं, केवल खबरों से सुनते हैं। एक सच जो आज सच होता है, कल झूठा हो जाता है। पहले सुनते थे कि लाखों लोग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में उनके लिए बिस्तर नहीं हैं। दम घुटने लगे तो प्राण वायु के सिलेंडर नहीं मिलते। फिर एक प्राणरक्षक दवा की चर्चा होने लगी। उससे काले बाजार सक्रिय नजर आने लगे। यहां सब कुछ मिल जाता था, केवल अपनी फटी जेब और ढीली करने का यह सिलसिला तो चलता ही रहता है मंडियों के सरगना नाम बदलकर एक और प्राणरक्षक दवा ले आते हैं और फिर वैसी ही खबरें सुनने को मिलने लगती हैं। जो सुना था, वह यह था कि महामारी में बहुत से लोग मर गए। दाहस्थलों में जगह नहीं है। बाहर लाशों की कतार लगी है। सही जगह दाहकर्म हो सके, इसके लिए वहां के रखवालों के सामने फिर जेब ढीली करनी पड़ती है। भीड़ बहुत थी, और मुंह ढकी लाशें। भूल से लाश किसी की दूसरे की जगह जल गई।सब्र कीजिए, यह भीड़ भरा मुल्क है। कतार लगी है, भूख की, बीमारी की। उसके पीछे-पीछे चली आ रही है बेरोजगारी और पीठ थपथपा रहे हैं भ्रष्टाचारियों के दावे। ऐसे में एक स्वर यह भी उठा कि 'बच्चे ज्यादा पैदा करोगे, तो सजा तजवीज हो', कोई नहीं माना। लोगों की रोटी का ठिकाना न पहले था, न अब है। यह धर्म प्राण देश है। दानवीरों की कमी नहीं। गाढ़े वक्त के पसीने की तरह प्रकट होने लगे अर्धकंकाल लाशों का नियम संयम से दाहकर्म होगा। लेकिन जो जीते जी कंकाल हो गए, उनकी खबर लेने का काम इन दानवीरों का नहीं। वे तो मीडिया से चित्र खिंचवा आगे बढ़ गए। जिंदा मानव कंकालों की खबर खैराती व्यवस्था लेती है। रियायती दरों पर मिलता राशन खबर लेगा। मुफ्त रोटी बांटते भोजनालय लेंगे। कहा गया कि हमने इस विकट समय में अस्सी करोड़ लोगों को भोजन खिलाया। देश की साठ फीसद आबादी बनती है यह। व्यवस्था जब उनके लिए रोजी रोजगार का वसीला उपलब्ध नहीं कर सकती, तो वे भोजन नहीं मांगेंगे तो और क्या करेंगे? न्याय पीठ से खबर आई, 'भूख से किसी को मरने न दिया जाए। रोटी-पानी उनका जन्मसिद्ध संवैधानिक अधिकार है।' किसी ने पूछा, और काम करने का अधिकार? उसकी बात अभी न करें। जवाब टेढ़े हो जाते हैं। जनाब राजनीतिक दर्शन के खेमे में बंट जाते हैं। वैर-विरोध और हिंसा को जन्म देते हैं। इसलिए वह पुराना मूलमंत्र दोहराओ, 'अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम, दास मलूका कह गए सब के दाता राम।' लेकिन हम पंछी हैं या अजगर, अभी इसका फैसला नहीं हो सका। इसलिए जब तक फैसला नहीं होता, इस आपाधापीवाद को जिंदा रखा जाए और विश्व में प्रसारित भुखमरी के इस सूचकांक को नजरअंदाज कर दिया जाए, जिसकी खोज है, 'इन बरसों में भारत भुखमरी सूचकांक में गिरावट की दुगनी सीढ़ियां उतर गया है।' यानी भूख से मरने वालों की संख्या दोगुनी हो गई। यह गलत है साब! बिल्कुल गलत है! आंकड़े विदेश से आए हैं! हमें तो इसमें कोई विदेशी षड्यंत्र लगता है। अब देखो कि हमने तो सरकारी तौर पर यह कहा था कि महामारी की लहरों में देश में सवा चार लाख से अधिक लोग नहीं मरे और विदेशी विश्वविद्यालयों के नकचढ़े शोधछात्र थीसिस बांचते हैं कि कम से कम तीस-चालीस लाख लोग मरे! माना कि यह त्रासदी थी, लेकिन इतनी बड़ी भी नहीं कि आप इस भारत-पाक विभाजन में पलायन करते लोगों से बड़ी मृत्यु त्रसदी मान लें। जनाब इन शोर मचाने वालों की परवाह न कीजिए। उनके लिए तो यही फरमा दें शायराना अंदाज में, 'कि बहुत शोर सुनते थे पहलू में दिल का, जो चीरा तो कतरा-ए-खून निकला।' अब कितना शोर हुआ था कि हजारों लोग उस महामारी में आक्सीजन न मिलने से चल बसे! आक्सीजन तो अभी भी नहीं, लेकिन उधर जाच-पड़ताल की तलाश की रिपोर्ट मंगवाई तो पाया कि एक भी आदमी आक्सीजन न मिलने के कारण नहीं मरा, लोग खुश-ओ-खुर्रम हैं। अब देख लें ऐसे मसलों को। फिर शोर मचेगा। नतीजा एक दिन भी संसद ढंग से नहीं चलने दी जाती। विकास की गाड़ी चलने से पहले ही रोक दी जाती है। 'करवाएंगे साहिब, इसकी जांच भी करवा देंगे।' वे बोलते हैं। लेकिन फिलहाल हमें तो अभी से इसके पीछे विदेशी हाथ साफ नजर आ रहा है! अब इसे कैसे मरोड़ कर बाहर कर दें, यही सोचना है।

**ये लेखक के निजी विचार हैं**

## पीढ़ियों की फिक्र

उन्नीसवीं सदी के भारतीय समाज सुधारकों ने अंधविश्वास विरोधी अभियानों से तत्कालीन हालात को भरसक बदलने की कोशिश की थी। आज के कई सामाजिक कानून उनकी लड़ाइयों की देन हैं। लेकिन जातीय श्रेष्ठता और वर्चस्व अन्य सुधारों पर हावी होते गए। फिर अंधविश्वासों और रूढ़ियों की जकड़बंदियां समाज पर नए सिरे से और सख्त होकर कसती गईं। इसलिए आज यह जरूरी लगता है कि ऐसी रूढ़ परंपरा का प्रतिरोध करने के लिए व्यापक और सतत निर्भयता दृढ़ बनी रहे। नरेंद्र दाभोलकर ने 1989 में 'महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति' के नाम से अंधविश्वास विरोधी जनजागरूकता अभियान शुरू किया था। आज महाराष्ट्र के अलावा कर्नाटक के बेलगाम और गोवा में संस्था की तीन सौ से ज्यादा इकाइयां सक्रिय हैं। दाभोलकर की हत्या से उनके कार्यकर्ता स्तब्ध जरूर हुए, लेकिन विचलित होकर बिखरे नहीं। वे आज भी अंधविश्वासों और असहिष्णुता के खिलाफ शहरों, गांवों, कस्बों में लोगों को जागरूक करने की कोशिश करते हैं। हाल के वर्षों में नकली खबरों, अफवाहों और शांति भंग करने वाली धूर्ततापूर्ण हरकतों के बीच जातीय और धार्मिक विद्वेष ने भी नई परिभाषाएं और नए औजार गढ़ लिए हैं। सैकड़ों उदाहरण लैंगिक असमानता और अंधश्रद्धा के आते रहते हैं। कुछ समय पहले खबर आई थी कि केरल के इडुकी में कथित दैवी शक्तियां हासिल करने के लिए एक आदमी ने अपने परिवार के पांच सदस्यों को मार डाला। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में एक दंपत्ति ने अपनी छह वर्षीय बीमार बेटी को मार डाला, ताकि उसके बाद स्वस्थ संतान पैदा होगी। डायन कहकर लड़कियों और औरतों को मार देना या उनकी बीमारी ठीक करने के नाम पर बलात्कार करना, दुखद है कि अंधविश्वासों के नाम पर ऐसे अत्याचार थम नहीं रहे हैं। लोक मान्यताएं और पारंपरिक रीति-रिवाज, स्थानीय जनजातियों और आदिवासियों की लोक-संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। लेकिन उन्हें अलग कर अपसंस्कृति के कुएं में डाला जा रहा है।

## हैलो।। हैलो।।

### हॉस्पिटल

| | |
|---|---|
| गवर्मेंट सैटेलाइट हॉस्पिटल, बनीपार्क | 2202449 |
| महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट | 2610616 |
| एसएमएस हॉस्पिटल | 2560291 |
| जनाना हॉस्पिटल | 2378721 |
| ईएसआई डिस्पेंसरी, मालवीयनगर | 2522724 |
| ईएसआई डिस्पेंसरी, प्रताप नगर | 2792594 |

### पुलिस

| | |
|---|---|
| कंट्रोल रूम, जयपुर सिटी | 2575715 |
| कंट्रोल रूम, जयपुर ग्रामीण | 2575774 |
| कंट्रोल रूम, यातायात | 2565630 |

### होटल-ट्यूरिज्म

| | |
|---|---|
| गणगौर | 0141-2371641, 2371642, 2371644, 2371646 |
| स्वागत | 0141-2200595, 2206701, 09950996242 |
| तीज | 0141-2205482, 2205473, 2203199, 09829058458 |
| होटल खासा कोठी | 0141-2375151, 4063000, 09414073182 |

### रोडवेज

| | |
|---|---|
| कंट्रोल रूम हैड ऑफिस | 0141-2373044 |
| सेंट्रल बस स्टैंड सिंधी कैंप | 0141-2207906, 2207912, 207913, 2207914 |
| डीलक्स बस आरक्षण | 0141-2205790 |
| ड्यूटी ऑफिसर प्लेटफार्म | 0141-2207907 |
| ड्यूटी ऑफिसर सिंधी कैंप | 01412207903 |

### रेलवे

| | |
|---|---|
| रेलवे पूछताछ | 131 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |

### हैल्प लाइन

| | |
|---|---|
| चाइल्ड हैल्प लाइन | 0141-2353997-1098 |
| बिजली हैल्प लाइन | 0141-2354900-1912 |
| ऑपरेशन गरिमा | 0141-2204475 |
| एनीमल हॉस्पिटल हैल्प लाइन | 0141-2373237 |
| हैल्प इन सफरिंग हैल्प लाइन | 0141-2760012 |

### ब्लड बैंक

| | |
|---|---|
| संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल | 0141- 2566251, 2574189 |
| सवाई मानसिंह हॉस्पिटल | 0141-256 02912 |
| स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक | 0141-2545293, 2721771 |

### अग्निशमन केन्द्र

| | |
|---|---|
| अग्निशमन हैल्पलाइन | 101 |
| बनीपार्क | 0141-2201898 |
| बाईस गोदाम | 0141-2211258 |
| घाट गेट | 0141-2615550 |
| विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र | 0141-2332573 |
| एम आई रोड | 0141-2375925 |

### सांस्कृतिक केन्द्र

| | |
|---|---|
| जवाहर कला केंद्र | 0141-2706560 |
| रविन्द्र मंच | 0141-2619061 |

### ट्यूरिस्ट प्लेस

| | |
|---|---|
| अल्बर्ट हॉल म्यूजियम | 0141-2570099 |
| आमेर फोर्ट | 0141-2530293 |
| बिरला प्लेनेटोरियम | 0141-2385094, |
| हवा महल | 0141-618862 |
| जंतर मंतर | 0141-2610494 |
| जयगढ़ फोर्ट | 0141-2274848 |
| नाहरगढ़ फोर्ट | 0141-5148044 |
| जयपुर जू | 0141-2680494 |
| राम निवास गार्डन | 0141-2617319 |
| साइंस पार्क | 0141-2304654 |
| सिटी पैलेस | 0141-2608055 |

### एम्बुलेंस

| | |
|---|---|
| एम्बुलेंस हैल्पलाइन | 108 |
| जेके लोन एम्बुलेंस | 0141-2619827 |
| महिला चिकित्सालय एम्बुलेंस | 0141-2601333 |
| एसएमएस एम्बुलेंस | 0141-2560291 |
| रेड क्रास एम्बुलेंस | 0141-2617214 |

### एयरलाइंस

| | |
|---|---|
| एयर अरेबिया | 0141-5115455 |
| इंडिगो एयरलाइंस | 0141-5119992 |
| एयर इंडिया सिटी | 0141-2744840, 2743500 |
| ओमान एयरवेज | 0141-4002041 |
| एयर अरेबिया 2378204 | 0141-2378501, |
| एयर इंडिया | 0141-2721333, 2721519 |
| गो एयर | 0141-6500803 |
| जेट एयरवेज | 0141-5112222 |
| स्पाइस जेट | 0141-5119882 |

### दुर्घटना थाना

| | |
|---|---|
| ईस्ट | 2587436 |
| वेस्ट | 2577717 |
| नॉर्थ | 2568721 |
| साउथ | 2575171 |

# चुनावों के 4 साल बाद भी आज तक कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र की नही की क्रियान्विति-रामलाल शर्मा

## जन आक्रोश यात्रा में भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस सरकार को जनविरोधी, असंवेदनशील और वादा खिलाफी वाली सरकार बताया



जयपुर टाइम्स

**चौमू((निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर मंडल चौमूँ मे आमजन से जनसम्पर्क कर सरकार की जनविरोधी नीतियों और कुशासन के खिलाफ जन आक्रोश यात्रा निकाली गई। यात्रा के रथ के साथ विधायक रामलाल शर्मा, विधि प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुरेन्द्र नरुका, निवर्त मान फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, जिला उपाध्यक्ष बजरंग सोनी, नगर मंडल अध्यक्ष गजानन्द कुमावत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आमजन से जनसम्पर्क कर कांग्रेस सरकार की खामियों को गिनाया। जन आक्रोश यात्रा के दौरान मंगलवार को प्रातः काल सब्जी मंडी में पहुंचकर व्यापारियों, आढ़तिया दुकानदारों और आमजन से जनसंपर्क किया। इसके बाद जनाक्रोश यात्रा शहर के सुभाष सर्किल, अनाज मंडी और बावड़ी गेट से रावण गेट तक मुख्य बाजार में आमजन और व्यापारियों को पहुंचकर चौपाल और नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने सरकार के कुशासन को लोगों तक पहुँचाया। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि चुनाव के 4 साल बाद भी आज तक कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र की क्रियाविती नहीं की है। सत्ता पाने के लिए सरकार ने किसानों से सम्पूर्ण कर्ज माफी का वादा, बेरोजगारी भत्ता, युवाओं को रोजगार जैसी लोक लुभावनी घोषणाएं कर सत्ता प्राप्त करने का काम किया और अब सत्ता में आने के बाद सरकार अपने वादों से मुकर गई। आज प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और महिला अत्याचार में प्रदेश नंबर वन बन चुका है। जन आक्रोश यात्रा में प्रदेश भाजपा द्वारा जारी नंबर 8140200200 पर मिस्ड कॉल करवाया और सरकार के कुशासन के आरोप पत्र वितरण किये गए। इस दौरान जनता द्वारा बड़ी संख्या में सुझाव पत्र भी प्राप्त हुए। इस मौके पर जनाक्रोश भाजपा विधि प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुरेन्द्र नरुका, निवर्तमान फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, नगर मंडल अध्यक्ष गजानन्द कुमावत, बांसा मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ओमप्रकाश दुसाद, पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट नगर मंडल उपाध्यक्ष सीएम खटीक, पूर्व चैयरमेन नानूराम सैनी, पार्षद संदीप शर्मा, बाबूलाल यादव, गजेंद्र यादव, मुकेश सिद्ध, किशोर गंगवाल, मातादीन अग्रवाल, राहुल शर्मा, राहुल दून्दा, बाबुलाल सैनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष एनआर गोरा, किसान मोर्चा अध्यक्ष गुलाब लांबा, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन सैनी, सन्ना खान, वंदना दीक्षित, आलोक जांगिड़, राजेंद्र गुलिया, मुकेश चोपड़ा, राजेश चोपड़ा, रफीक नागौरी, दिलशाद गोरी, राजेश कुमावत, राकेश शर्मा, संदीप भात्रा, शैलेंद्र विजय, धर्मेंद्र बंजारा, संदीप कुमावत, बलदेव टांक, मोहन यादव, हनुमान बागड़ा, सुवालाल सैनी, मुकेश जांगिड़, जितेंद्र सैनी, राम गोपाल कुमावत, महेश शेरावत, अजीत बारावाल, किशोर लाल सैनी, लक्ष्मण चोपड़ा, रामलाल चोपड़ा, हीरालाल बुनकर, कुंदन सिंह, राजू गरेड, मदन गोरा, बजरंग कुमावत, मुकेश सैनी, सुरेश सैनी, अर्पित तंवर, मुकुल अग्रवाल, नितिन खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## जन आक्रोश रैली का विधानसभा क्षेत्र के अनेकों स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निसं.)।** भाजपा की जन आक्रोश यात्रा मंगलवार को पूरावाला से शुरू हुई जो श्यामपुरा मैड,जोधुला,महासिंहकाबास,पापड़ा, कुहाडा,सताना, ज्ञानपुरा, ढाणी सेवरा, इस्माइलपुर, बड़ा काकराना, देवली, बादशाहपुर छोटा ककराना, गोपीपुरा,होती हुई जीण माता मंदिर पहुंची रात्रि विश्राम जीण माता के मंदिर में होगा। इस दौरान जनाक्रोश यात्रा का विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के अनेकों स्थानों पर जगह जगह पर भव्य स्वागत किया गया। वहीं भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा भाजपा पार्टी की रीती व नीति के बारे में चर्चा की तथा आमजन से अपील की है कि आने वाले 2023 चुनाव में भाजपा की प्रदेश में सरकार बनाएं। जन आक्रोश यात्रा के मीडिया प्रभारी व पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने बताया कि गांव में कांग्रेस सरकार के खिलाफ बाहरी जन आक्रोश देखने को मिल रहा है। यात्रा के दौरान विराटनगर के पूर्व विधायक डॉ फूलचंद भिंडा,वरिष्ठ भाजपा नेता किशन लाल गुरुजी, वरिष्ठ भाजपा नेता भागीरथ मल यादव, युवा नेता भागीरथ टाटला,कृषि मंडी के पूर्व चेयरमैन सुरेश गिठाला, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी,जन आक्रोश यात्रा के संयोजक गिर्राज शर्मा ,भाजपा नेता सरदारमल यादव चिमनपुरा, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री महेश हलसर, वरिष्ठ भाजपा नेता जी.एल. यादव, बालाजी मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, वरिष्ठ भाजपा नेता सवाई सिंह शेखावत , किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष हरिप्रसाद बलीवाल, भाजपा नेता मक्खन सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कृष्ण हलसर ,युवा नेता महेन्द्र चेची,बलवीर बढाना,युवा नेता केसव हल्सर, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल. भाजपा युवा नेता ओम प्रकाश सैनी, रमेश यादव, हरि सिंह जाट ,भाजपा नेत्री राजेश यादव ,भाजपा नेत्री किरण, शिवदान फागणा, शम्बू स्वामी, डॉ महेंद्र सिंह शेखावत पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा , संतोष मोदी, रत्नाकुमारी, ,अमित नटवाडिया, भाजपा मंडल प्रवक्ता मनमोहन शर्मा,गिर्राज सैनी,मंच संचालन, हरि प्रसाद बलीवाल, महेश हलसर,डॉ महेंद्र सिंह शेखावत, सरदारमल यादव ने किया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा को लेकर दांतारामगढ़ में बैठक आयोजित

### किसानों ने फसल बीमा को बताया लूट

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** दांतारामगढ़ प्रधानमंत्री फसल बीमा को लेकर एक बैठक पंचायत समिति के सभागार में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी, बीमा बैंक के अधिकारी एवं चुनिंदा किसान मौजूद थे। इस मौके पर किसानों ने बीमा बैंक के अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि किसानों की फसल बीमा कंपनी लूट कसोट बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों से प्रीमियम तो पूरा लिया जाता है लेकिन फसल बीमा का मुआवजा या तो न के बराबर दिया जाता है या फिर ऐसी जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है कि अनपढ़ किसान तो बीमा उठा ही नहीं पाता। कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी बताया कि फसल बीमा मुआवजा किसानों को समय पर पूरा नहीं मिलने के कारण किसान सीधा आरोप कृषि विभाग पर लगाते हैं । कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी बीमा कंपनी के अधिकारियों के समक्ष अपना दर्द बताया कि किसानों को फसल बीमा का मुआवजा नहीं मिलने के कारण उनको भी खरी-खोटी सुननी पड़ती है। किसानों ने यह भी बताया कि बीमा कंपनी में प्रीमियम देने के बावजूद किसान कार्ड वाले किसानों को सहकारी समिति में भी प्रीमियम देना पड़ता है। जबकि दोहरा प्रीमियम देने के बावजूद मुआवजा एक भी पूरा नहीं मिलता है। इधर बीमा कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि फसल बीमा पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है इससे पहले सभी किसानों को पंजीकरण करवाना होगा उन्होंने कौन-कौन किसान बीमा करवा सकता है, बीमा योजना के क्या फायदे हैं पूरी जानकारी भी दी। बैठक में सहायक कृषि अधिकारी जगदीश पलसानिया, कैलाश चंद्र जाखड़, भीमाराम हेमाराम एचडीएफसी बीमा कंपनी के प्रशांत तथा क्षेत्र के गिरदावर पटवारी व किसान मौजूद थे।

## शाहपुरा के जिला अस्पताल भवन के निर्माण की जांच में मिली खामियां

### खराब सामग्री को उखडवाया, एईएन को भी साइड से हटाया

जयपुर टाइम्स



**भीलवाड़ा(निसं.)।** शाहपुरा के जिला अस्पताल में निर्माणाधीन भवन के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग होने की जानकारी सामने आने के बाद मंगलवार को अजमेर से एनआरएचएम के अधिशाषी अभियंता की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की तो कई खामियां पायी गयी। उन्होंने खराब सामग्री को मौके पर ही उखड़वा दिया तथा साइड पर लगे विभागीय एईएन को भी हटा दिया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अधिशाषी अभियंता सीपी संचेती मंगलवार को जिला चिकित्सालय के निर्माण की साइड पर पहुंचे। उन्होंने वहां चल रहे कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने फ्लोरिंग को खुदवाया तो देखा कि सीमेंट और कंक्रीट की जगह फ्लोरिंग में केवल मिट्टी भरी हुई थी। जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की तथा संवेदक के इंजिनियर को सभी फ्लोरिंग को खुदवाने के निर्देश देकर नये सिरे से कार्य करने को कहा। यह कार्य चार दिन में पूरा करने के निर्देश दिये। संचेती ने इस साइड पर विभागीय एईएन को भी लापरवाही बरतने पर साइड से हटाकर नये एईएन अंसारी को बुधवार से इस कार्य का सुपरवीजन करने के निर्देश दिये है। पत्रकारों से बात करते हुए अधिशाषी अभियंता सीपी संचेती ने कहा कि कार्य में गुणवत्ता की दृष्टि से कमियां पायी गयी है। संवेदक के इंजिनियर को कोताही न बरतने तथा नया कार्य चार दिन में पूरा करने के निर्देश दिये है। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिये है। इस दौरान उन्होंने पीएमओ डा अशोक जैन से भी अपने स्तर पर जांच करने को कहा है। इस दौरान पूर्व पार्षद भगवान सिंह यादव ने भी मौके पर पहुंच कर अधिशाषी अभियंता से जी शिड्युल के अनुसार कार्य करने की मांग की। उन्होंने गुणवत्ता की जांच के लिए विभागीय एईएन को स्थायी रूप् से यहां लगाने की भी बात कही। उल्लेखनीय है कि सोमवार को भीलवाड़ा सीएमएचओ डा मुश्ताक खान ने शाहपुरा आए थे। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय के नए भवन घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग करने की शिकायत मिली। जिस पर उन्होंने पीएमओ डॉ. अशोक जैन तथा अन्य कार्मिकों को साथ लेकर के निर्माण स्थल पर पहुंचे। जहां उन्होंने फ्लोरिंग को खुदवाया तो देखा कि सीमेंट और कंक्रीट की जगह फ्लोरिंग में केवल मिट्टी भरी हुई थी। जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की तथा तुरंत राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के सहायक अभियंता आरके संचेती को फोन करके गुणवत्ता हीन सामग्री के उपयोग की शिकायत की।

## सम्मेद शिखर बचाओ अभियान के तहत सकल जैन समाज ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निसं.)।** कस्बे में मंगलवार को सकल जैन समाज बिजौलियां मेवाड़ प्रांत द्वारा सम्मेद शिखर जी की स्वतंत्र पहचान,पवित्रता और संरक्षण हेतु विश्व जैन संगठन द्वारा आयोजित देशव्यापी सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखर बचाओ अभियान के तहत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व केंद्रीय पर्यटन मंत्री के नाम एक ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी सीमा तिवाड़ी को सौंपा गया। ग्राम पंचायत चौक से मौन जुलूस के रूप में बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के महिला- पुरुष उपखंड कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर सभी जैन समाज के लोगों द्वारा अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे गए।ज्ञापन में 20 तीर्थकरों व अनन्त संतों की मोक्ष स्थली सम्मेद शिखर पारसनाथ पर्वतराज को वन्य जीव अभ्यारण्य,पर्यावरण पर्यटन के लिए घोषित इको सेंसेटिव जोन के अन्तर्गत जोनल मास्टर प्लान व पर्यटन मास्टर प्लान पर्यटन/धार्मिक पर्यटन स्थल से बाहर किए जाने और पारसनाथ पर्वतराज और मधुबन को मांस-मदिरा बिक्री मुक्त पवित्र जैन तीर्थ स्थल घोषित किए जाने व पर्वतराज के वंदना मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की गई। इस दौरान कस्बे समेत आरोली, सलावटिया, चांदजी की खेड़ी, डाबी, लाम्बाखोह, छोटी बिजौलियां समेत अनेक ग्रामों के जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

# संस्थागत प्रसव बढ़ाने हेतु व्यापक जागरूकता लाने के दिए निर्देश

### बीस सूत्रीय एवं पंद्रह सूत्रीय बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** बीस सूत्रीय कार्यक्रम प्रगति के क्रियान्वयन एवं मॉनीटरिंग के संबंध में जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग दिए गए लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए कार्यो को गति प्रदान करें। राजकीय एवं निजी विद्यालयों में मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति भरवाया जाना सुनिश्चित करें कोई भी छात्र छात्रवृति से वंचित नही रहना चाहिए। उपनिदेशक आईसीडीएस को निर्देश देते हुए कहा कि अक्रियाशील आंगनबाड़ी केन्द्रों को क्रियाशील किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत दिए गए लक्ष्यों की प्राप्ति करना सुनिश्चित करें। राज्य सेक्टर, केन्द्र और वाह्य सहायतित योजनाओं की वित्तीय और भौतिक प्रगति मे लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार, स्वर्ण जयन्ती ग्राम तथा शहरी स्वरोजगार, कृषि एवं असंगठित श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, महिला श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा के जो भी परिवाद आते है उनका निस्तारण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण पेयजल की सप्लाई होनी आवश्यक है। जिससे पानी से होने वाली बिमारियों से बचा सकें। उन्होने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को संस्थागत प्रसव बढ़ाने हेतु व्यापक जागरूकता लाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग से अलग अलग श्रेणीवार प्रदत्त छात्रवृत्तियों, माइनॉरिटी छात्रवृत्ति पर चर्चा की और कहा कि कोई भी योग्य विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। नियमित कौशल प्रशिक्षण योजना का क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों को रोजगार हेतु लोन उपलब्ध कराने हेतु चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाओं के प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय को विभिन्न विभागों को समुचित लाभ देने एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु अल्पसंख्यक समुदाय को प्रेरित करने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारी को अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को उनके स्वयं के स्व रोजगार स्थापित करने हेतु प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक कराने हेतु निर्देश प्रदान किये। मदरसा पैराटीचर को प्रशिक्षण दिया जाये, कक्षा 9 से 12 तक अल्पसंख्यक की छात्रायें जो 50 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये है उनके छात्रवृति के लिए आवेदन भरवायें। अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को कारोबारी ऋण दिलवाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद चेतन चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बचन सिंह मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयन्ती लाल मीणा, सहायक निदेशक सांख्यकी विभाग रामप्रकाश, अल्पसंख्यक अधिकारी सीमा कुमारी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## छोटी-बड़ी खबरे...

### मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** वीके त्यागी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय धौलपुर में मतदाता साक्षरता क्लब के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । इस मौके पर विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से निर्वाचन संबंधी विभिन्न प्रकार के आवेदन भरने की प्रक्रिया के बारे में डॉ0 अंजनी वशिष्ठ ने जानकारी प्रदान की। वीके त्यागी द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्रों पर दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ मतदाताओं हेतु प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा विद्यार्थियों से इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा गया। इस मौके पर नवराता नरायन, रश्मि मिश्रा ,रतिराम त्यागी ,श्रीनिवास त्यागी एवं कॉलेज के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### विधानसभा क्षेत्रों में समान फोटों वाले प्रकरणों में चैकलिस्ट जारी करके करें शीघ्र निस्तारण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत किये जाने वाले विविध कार्यो की समीक्षा के सम्बंध में वीसी के माध्यम से जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता सूचियों का प्रकाशन 9 नवंबर को कर दिया गया है, प्रारूप प्रकाशन के पश्चात् पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त विविध आवेदन पत्रों, लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण सम्बंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों द्वारा कर दिया जायेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अन्तर्गत लिए जा रहे विभिन्न प्रकार के आवेदन पत्रों की समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देश प्रदान किये गये साथ ही विधानसभा क्षेत्रों में समान फोटों वाले प्रकरणों में चैकलिस्ट जारी करके शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुदर्शन सिंह तौमर, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकरी अनूप सिंह, गौरव, होतम उपस्थित रहे।

### राजस्थान कृषि श्रमिक संबल मिशन के अंतर्गत कृषि श्रमिकों का कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**आसींद(निसं.)।** दौलतगढ़ पंचायत मुख्यालय पर राजस्थान कृषि श्रमिक संबल मिशन के अंतर्गत कृषि श्रमिकों का कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन सरपंच प्रतिनिधि गोपाल लाल शर्मा के मुख्य अतिथि में किया गया इस अवसर पर प्रगतिशील कृषक जसवंत सिंह राजपूत पोली हाउस पर हुआ जिसमें ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा दौलतगढ़ नेगी दिया कि 30 भूमिहीन महिला कृषकों ने भाग लिया जिसमें उक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण में मॉड्यूल नंबर 3 के अंतर्गत संरक्षित संस्थाओं का संधारण पाली हाउस ग्रीन हाउस शेडनेट हाउस व ड्रिप संधारण के बारे में सर्वप्रथम सहायक कृषि अधिकारी गोविंदराम मेवाड़ा ने पाली हाउस व शेडनेट हाउस की जानकारी कृषक महिलाओं को दी गई इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सहायक कृषि अधिकारी राजेंद्र कुमार पारीक ने ड्रिप सिंचाई की जानकारी दी व संजू पहाड़िया ने ड्रिप संयंत्र द्वारा पोषक तत्वों के प्रबंधन की जानकारी दी गई तथा किशन सिंह कविया कृषि पर्यवेक्षक ने पोट्रे बीज मैं बुवाई करना वह पौधे तैयार करना वह लगाने के तरीके के बारे में बताया गया प्रशिक्षण में कृषि पर्यवेक्षक सिमरन पार्वती कुमावत आदि उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 31 दिसम्बर तक कर सकेंगे आवेदन

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा सरसों, गेंहू, चना एवं मसूर को अधिसूचित किया गया है। उप निदेशक कृषि रामराज मीना ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सवाई माधोपुर जिले में क्रियान्वयन के लिए बजाज आलियंज जनरल इन्श्योरेन्स कम्पनी को अधिकृत किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत ऋणी कृषक, गैर ऋणी कृषक एवं बटाईदार कृषकों के द्वारा मात्र एक बैंक अथवा संस्था के माध्यम से फसल का बीमा करवाया जा सकता है। अधिसूचित फसलों के लिए कृषकों को सहकारी समिति, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक व व्यवसायिक या वाणिज्य बैंक आदि द्वारा 31 दिसम्बर, 2022 तक बीमा कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बीमित राशि एवं प्रीमियम राशि का फसलवार निर्धारित किया गया है। देय प्रीमियम राशि का अधिकतम 1.5 प्रतिशत उद्यान तथा वाणिज्य फसलों के लिए 5 प्रतिशत कृषक द्वारा वहन किया जाएगा। उप निदेशक कृषि रामराज मीना ने बताया कि बीमित राशि तथा कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि प्रति हेक्टेयर के अनुसार होगी। सरसों की फसल के लिए बीमित राशि 69181 रूपए तथा प्रीमियम राशि 1037.71, गेंहू के लिए 72842 तथा 1092.63, चना के लिए 79505 तथा 1192.58, मसूर के लिए 52326 बीमित राशि प्रति हैक्टेयर तथा 784.89 रूपए प्रति हैक्टेयर है।

## भाजपा नेता विनोद झुरानी गुजरात सरकार में सीएम शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

जयपुर टाइम्स



**भीलवाड़ा(निसं.)।** सोमवार को गुजरात में नई सरकार में सीएम भूपेंद्र पटेल ने शपथ ली, मुख्यमंत्री के अलावा राज्य में कई पुराने और नए चेहरों को मंत्री पद दिया गया है। इसी क्रम में भीलवाडा शहर से भाजपा नेता विनोद झुरानी गुजरात सरकार में सीएम शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए, झुरानी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में हजारों कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में साधु-संतों के मध्य गांधीनगर के हेलीपैड स्टेडियम में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर राजस्थान से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया, राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, सुशील कटारा सहित कई जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी गण उपस्थित थे। शपथग्रहण के मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

## श्री प्राज्ञ मिर्गी रोग निवारक चिकित्सा शिविर में 62 रोगियों की निशुल्क जांच कर दवाई दी

जयपुर टाइम्स

**गुलाबपुरा(निसं.)।** स्थानीय श्री प्राज्ञ मिर्गी रोग निवारक समिति द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में 62 रोगीयों की जांच कर दवाई वितरण की गई।चिकित्सा शिविर का शुभारंभ हंसराज चौधरी व उमरावमल बोहरा के प्रतिनिधि एवम पदाधिकारियों द्वारा नवकार महामंत्र के जाप से किया गया व गुरु पन्ना सोहन के जयकारों लगाये। शिविर के लाभार्थी उमरावमल,संजय कुमार ,अजय कुमार बोहरा अजमेर/पूना एवम हंसराज ,अरविंद चौधरी दिल्ली परिवार का समिति द्वारा हार्दिक स्वागत एवम अभिनंदन किया गया। संस्था के अध्यक्ष घेवर चंद श्रीमाल ,कार्याध्यक्ष मूल चंद नाबेडा ,कोषाध्यक्ष पारस बाबेल ने समाजसेवी हंसराज चौधरी का माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंत्री पदम चंद खटोड़ ने संस्था की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी । आभार प्रदर्शन कार्याध्यक्ष मूलचंद नाबेड़ा द्वारा किया गया। संस्था के सहमंत्री सुरेश लोढ़ा ने बताया कि वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर आर चंडक की टीम द्वारा शिविर में 62 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवा वितरित की गई। शिविर में घेवर श्रीमाल ,मूल चंद नाबेडा,पारस बाबेल, अमित लोढ़ा,विपिन मेहता, के डी मिश्रा ,मदन लाल रांका,सुशील चौधरी, मदन लाल लोढ़ा, सहित लोगो ने सेवाएं प्रदान की। शिविर का संचालन अमित लोढ़ा ने किया।

## भाजपा की जन आक्रोश यात्रा विधायक सांखला के नेतृत्व में विभिन्न गांवों में निकाली गई

जयपुर टाइम्स



**गुलाबपुरा/ आसींद(निसं.)।** हुरडा भाजपा जन आक्रोश यात्रा के तहत हुरडा तहसील क्षेत्र के ग्राम तस्वरियां, सोडार ऊंखलिया, टोकरवाड, देवरिया, बडला, फलामादा, जालखेडा, परोदाश सहित गांवों में पहुँच कर नुक्कड़ सभाऐ की व प्रदेश कांग्रेस सरकार नाकामियों की शिकायत इकट्ठी करके शिकायत पेटिका में डाली, मंडल अध्यक्ष सावर लाल गुर्जर के नेतृत्व में आक्रोश व्यक्त किया। जन आक्रोश यात्रा में विधायक जब्बर सिंह सांखला , पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धनराज गुर्जर, अविजित सिंह बदनोर, शक्तिसिंह कलियास,जिला परिषद सदस्य रामलाल सोलंकी, महामंत्री अशोक अजमेरा ,ओम दायमा,अनिल वैष्णव, बदनोर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत, शिवप्रसाद व्यास ब्रह्मणो की सरेरी, हरीश शर्मा गुलाबपुरा,कमलेश सिरोठा, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्षा शिवांगी कानावत, जिला मंत्री पीयूष मेवाडा, गणेश देवासी पंचायत समिति सदस्य पुर्व मंडल अध्यक्ष पवन सुखवाल, ओबीसी मोर्चा सोहन लाल जांगिड़, किसान मोर्चा देवी लाल गुर्जर, लड्डू बना रूपाहेली, सरपंच महिपाल सिंह चुंडावत,अमित सेन, गजमल जाट, जमनालाल जाट, भंवर नाथ , श्याम लाल राठी, जगदीश गढ़वाल, सुरेश शर्मा, नंदलाल शर्मा, प्रकाश तेली सहित भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद थे।

# मोदी सरकार की बिजनेस नीति के कारण देश में स्टार्टअप की संख्या 400 से बढ़कर हुई 80,000 : कैलाश चौधरी

जयपुर टाइम्स




**दिल्ली-जयपुर/बाड़मेर-जैसलमेर** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में स्टार्टअप स्टेयर्स द्वारा आयोजित ग्रोथ एक्सीलरेशन प्रोग्राम (विकास त्वरण कार्यक्रम) के तहत स्टार्टअप इन्वेस्टमेंट फेलिसिटेशन सेरेमनी (स्टार्टअप निवेश सम्मान समारोह) में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया एवं स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी तथा विस्तार से चर्चा की। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में लाल किले की प्राचीर से स्टार्टअप इंडिया की शुरूआत की। 2014 में मोदी सरकार से पहले जहां देश में केवल 400 स्टार्टअप थे, वहीं आज केंद्र सरकार की इज ऑफ डूइंग बिजनेस नीति के कारण स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 80,000 से ज्यादा हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इकोसिस्टम के क्षेत्र में भारत का स्थान विश्व में तीसरा है और देश में 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न सक्रिय हैं। केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि देश में नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों के साथ समानांतर रहते हुए हम सब कदम से कदम मिलाकर चलें तथा देश की प्रगति में सहभागी बने।

### सरकार ने उद्यमिता के लिए पैदा किया बेहतर माहौल

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल इंडिया स्टार्टअप हब के लिए एक संस्थागत ढांचा स्थापित करने के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी जिस नए भारत का निर्माण कर रहे हैं, उसमें युवा उद्यमियों के सफल होने का इससे बेहतर अवसर कोई नहीं हो सकता। 2014 से पहले उद्यमिता एक नियम या मानदंड के बजाय केवल एक अपवाद थी। परंतु मोदी सरकार की सक्रिय नीतियों के कारण युवा भारतीयों के लिए सफल होने का इससे अधिक उपयुक्त मौका कभी नहीं रहा। उन्होंने कहा कि नवाचार आगे बढ़ने का मंत्र है। नवाचार हमारे भविष्य को आगे बढ़ाने वाला है। हमारे स्टार्टअप और उद्यमी निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेंगे।

# भाजपा की जनाक्रोश यात्रा में कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे पूर्व मंत्री बाजिया

### यात्रा के कांवट पहुँचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उमड़ा जोश

जयपुर टाइम्स



**कांवट सीकर(निसं.)।** राजस्थान की कांग्रेस सरकार के खिलाफ पूरे राज्य में निकाली जा रही जनाक्रोश यात्रा में गहलोत सरकार के चार साल के कुशासन के खिलाफ भाजपा ने कुशासन का काला चिठ्ठा उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रखी हैं। मंगलवार को जनाक्रोश यात्रा के कांवट पहुचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व राज्यमंत्री बंशीधर बाजिया व पूर्व प्रधान मूलचंद वर्मा का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। जनाक्रोश यात्रा के तहत आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए बाजिया ने कहा कि कांग्रेस के चार साल के कुशासन में बेरोजगारी, बलात्कार,दिनदहाड़े हत्याएं होना आम बात हो गयी हैं। बाजिया ने गहलोत पर जनता की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले चार सालों से गहलोत ने सिर्फ कुर्सी बचाने का ही काम किया हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए बाजिया ने कहा कि किसानों का दस दिन में कर्जा माफ करने वाले राहुल गांधी किसानों के हितों पर कुठाराघात कर सिर्फ लोगो को झूठे आश्वासन का लॉलीपॉप देकर भूल चुके है। कांग्रेस शासन में किसान अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा हैं। जनआक्रोश यात्रा से जुड़े व भाजपा नेता एडवोकेट रामकिशन सैनी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के कुशासन में महिला दुष्कर्म,दलितों पर अत्याचार,मन्दिर पुजारियों को जिंदा जलाना,बिजली दरों में वृद्धि,परीक्षाओ में पेपर लीक की घटनाओं से राजस्थान को शर्मशार होना पड़ रहा हैं। जनता कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त हो चुकी हैं। इससे पूर्व जनआक्रोश यात्रा निकटवर्ती जुगलपुरा,लोहरवाड़ा,बाधवाडी सहित कई ग्राम पंचायतों में पहुँची। जहाँ काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। जनआक्रोश यात्रा के दौरान आयोजित सभा मे जगदीश प्रसाद मल्लाका, सन्तोष यादव,बीपी जोशी,रामचन्द्र मल्लाका, हमीराम खोखर,मालीराम सामोता,राकेश मिश्रा, मनोज टेलर,कैलाश सामोता,दसरथ कुमार शर्मा, नाथूलाल वर्मा, सांवरमल अग्रवाल,मूलसिंह शेखावत, कानाराम सैनी,एडवोकेट दीपक बाजिया,श्रवण बन्धु टेलर, रामोतार बड़सरा,राजेश जांगिड़ सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधिक जागरूकता शिविर मे विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी दी।

**देवली(निसं.)।** मंगलवार को तालुक विधिक सेवा समिति देवली के अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संयोगिता गहलोत के निर्देशानुसार पैनल अधिवक्ता बंशीलाल कलवार द्वारा शहर के निजी विद्यालय कोर ग्रीन वेली में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी दी गयी पैनल अधिवक्ता ने नालसा योजना के तहत मानसिक रूप से बीमार के व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं , पीड़ित प्रतिकर स्कीम , जनउपयोगी सेवा , यौन उत्पीड़न अधिनियम , प्ली बारगेनिंग , एनजीटी , बाल नशा मुक्ति रोकथाम हेतु जागरूकता आदि की जानकारी दी । शिविर में विद्यालय निदेशक संजय शर्मा , प्रधानाचार्य रमेश मीणा , दिनेश मीणा यशोदा शर्मा , अक्षिता शर्मा , स्वाति घमेरिया , रिजवाना बानो , अल्फिया सैफी , मुसर्रत बानो एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

## हाइकोर्ट के आदेश पर पूर्व सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी के कार्यकाल में हुई अनियमितताओं की जांच शुरू

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** ग्राम पंचायत बिजौलियां के तत्कालीन सरपंच रामचंद्र भील व ग्राम विकास अधिकारी बंशीलाल कुम्हार के द्वारा ग्राम पंचायत बिजौलियां के अंतर्गत किए गए अवैध कार्यो व अनियमिताओं को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट की डबल बेंच ने याचिकाकर्ता असलम हुसैन खोखर, रूपलाल जैन ,सुनील स्वर्णकार ,छीतरलाल धोबी व महावीर मेघवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने कार्यकाल के दौरान नियम विरुद्ध तरीके से किए गए अवैध कार्यो विक्रय पत्रों, पट्टा, नियमन, आवंटन की सभी पत्रावलियों की जांच के लिए हाईकोर्ट द्वारा जिला कलेक्टर को आदेश जारी किए गए। जिला कलेक्टर के आदेश पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने उच्च स्तरीय पांच सदस्यों की जांच कमेटी नियुक्त की। विकास अधिकारी पंचायत समिति बिजौलियां ,तहसीलदार बिजौलियां,अतिरिक्त विकास अधिकारी मांडलगढ़ ,सहायक लेखा अधिकारी पंचायत समिति बिजौलियां, सहायक विकास अधिकारी बिजौलियां को शामिल किया गया है। जांच कमेटी ने पिछले सप्ताह से ग्राम पंचायत बिजौलियां के रिकॉर्ड को खंगालना शुरू कर दिया है। जांच कमेटी द्वारा पूर्व सरपंच रामचंद्र भील के कार्यकाल व ग्राम विकास अधिकारी बंशीलाल कुम्हार के पदस्थापन तक की अवधि के दौरान तैयार की गई सभी अनियमित पट्टा पत्रावलियो को अपास्त कर निरस्त कराए जाने हेतु राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 97 के तहत सक्षम न्यायालय माननीय जिला कलेक्टर भीलवाड़ा में निगरानी प्रस्तुत किए जाने के आदेश जारी किए। वर्ष 1989 में माणक मंगरी योजना के नक्शे में काट छांट कर हेराफेरी करने, माणक मगरी विस्तार में अवैध पट्टे काटने ,बूंदी स्टेट हाईवे पर पम्प हाउस के पास रेस्ट हाउस की आरक्षित भूमि व आम रास्ते पर दुकानों के लिए भूखंड आवंटित करने , शॉपिंग कॉम्पलेक्स / बीज गोदाम की आरक्षित भूमि पर अपने चाहने वाले वार्ड पंचों की अवैध पत्रावलियां कायम करते हुए रियायती दर के पट्टे जारी करने, केसरगंज के पास नेशनल हाईवे- 27 से सटी हुई सेट अपार्ट की भूमि पर अवैध तरीके से 66 दुकानों की पत्रावली कायम करने, शक्करगढ़ चौराहे के नजदीक 132 केवी ग्रिड के पास पटवार विश्रांतिगृह के लिए आरक्षित जगह पर अवैध कब्जे व फर्जी पट्टे बनाने , पथिक नगर प्लान 2 में पार्क के लिए आरक्षित भूमि पर अपने मिलने वाले लोगों को अवैध लाभ पहुंचाते हुए नियम विरुद्ध पट्टे जारी करने, पूर्व में ग्राम पंचायत द्वारा जारी पट्टो पर नये पट्टे बनाने ,बिना नीलामी प्रक्रिया अपनाएं ।


## कार्यालय सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
## कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय बी.डी.एम. चिकित्सालय कोटपुतली, जयपुर।

क्रमांक- लेखा/2022/2345 दिनांक 07.12.2022

**खुली निविदा सूचना 2022-23**
**UBN No-MHS2223GSOB04714**

राजकीय बी.डी.एम. जिला चिकित्सालय कोटपूतली हेतु अधिकृत विकता / थोक विक्रेता / फर्मो आदि से निम्नानुसार सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र सं. | निविदा का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | निविदा प्रपत्र विक्री की अन्तिम तिथि व समय | निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खोलने की अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Equipment & Consumables item for 08 bedded HDU and 04 bedded ICU Didicated paediatric care unit | 04.00 लाख | 06 हजार | 200/- | 15.12.2022 प्रातः 11.00 बजे तक | 15.12.2022 दोपहर 12.00 बजे तक | 15.12.2022 दोपहर 01 बजे तक |

खुली निविदा (ऑफलाईन) के टैण्डर फार्म कार्यालय द्वारा विक्रय किये जायेंगे। निविदा शुल्क, धरोहर राशि निविदा शर्तो के अनुसार कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। निविदाओ सम्बधि विवरण एवं शर्ते कार्यालय में तथा राज्य लोक उपापन मोटल http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदायें स्वीकार / अस्वीकार / रदद करने का अधोहस्ताक्षरकर्ता को अधिकार होगा।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव
आर. एन.आर. एस.
राजकीय बीडीएन चिकित्सालय
कोटपूतली जयपुर।

DIPR/C/15858/2022


## ग्राम सेवा सहकारी समिति कटार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स



**आसींद(निसं.)।** ग्राम पंचायत कटार के ग्राम सेवा सहकारी समिति की नवगठित कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया वही कार्यक्रम में पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा ने शिरकत की वहीं पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं खाद बीज तथा किसानों के लोन संबंधित समस्याओं का निराकरण ग्राम सेवा सहकारी समिति कटार के नवगठित कार्यकारिणी के माध्यम से करवाया जाएगा वही कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ हवन आदि से पंडित मदन लाल जोशी ने मंत्रोचार कर की तत्पश्चात कार्यालय उद्घाटन अध्यक्ष नानूराम गुर्जर एवं उपाध्यक्ष परमवीर सिंह राठौड़ को पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं प्रेषित की वही इस अवसर पर पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा,नारेली सरपंच लादू लाल गुर्जर, ग्राम सेवा सहकारी समिति पूर्व अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह राठौड़, समाजसेवी एवं सरपंच प्रतिनिधि शंभू लाल गुर्जर, कीड़ीमाल सरपंच प्रतिनिधि मेवाराम गुर्जर, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कटार दशरथ सिंह राठौड़, सरपंच रेखा हरीश तिवारी, मौजूद रहे वही व्यवस्थापक कैलाश गुर्जर ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बंधवा कर स्वागत अभिनंदन किया कार्यक्रम का मंच संचालन रामपाल शर्मा ने किया।

## छोटी-बड़ी खबरे...

### सीकर व्यापार संघ ने सहायक निदेशक का किया नागरिक अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** मंगलवार को सुभाष चौक स्थित, सीकर व्यापार संघ के संयोजक राधेश्याम पारीक के नेतृत्व में सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी से सहायक निदेशक जनसंपर्क के पद पर पदोन्नत पूरण मल का साफ़ा, शाल, माल्यार्पण कर नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान राजकुमार बोहरा, समाज सेवी विनोद नायक,सुरेश पाराशर, शिवपाल सिंह, बसंत शर्मा, सांवरमल पांचाल, पंडित शंकर लाल नानी सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सबलपुरा स्कूल के 152 विद्यार्थियों को नि:शुल्क पौशाक का वितरण किया गया



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सबलपुरा के कक्षा 1 से 8 तक के 152 विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री नि:शुल्क पौशाक योजना के तहत वितरित की गई। प्रधानाचार्य मनीषा ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 367 विद्यार्थी अध्ययनरत है इनमें कक्षा 1 से 8 तक 152 विद्यार्थी अध्ययनरत है जिन्हे मंगलवार को पौशाक वितरित की गई। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि नारूराम, पंचायत समिति सदस्य कुलदीप रणवां, पूर्व सरपंच चन्द पचार व एडवोकेट पुरषोत्तम शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने राज्य सरकार की इस योजना को एतिहासिक बताया तथा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भंवरसिंह ने बताया कि पौशाक पाकर विद्यार्थियों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे तथा सभी ने उत्साहपूर्वक पौशाक प्राप्त की। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य प्रताप सिंह, व्याख्याता कैलाश चन्द, बाबूलाल बरबड, ओमप्रकाश फरडोलिया, शीला बाबर, कमला देवी, सुमित्रा देवी, सुनिता रेवाड व पुष्पा देवी सहित समस्त स्टाफ सदस्य, गणमान्य नागरिक, अभिभावक, विद्यार्थी उपस्थित रहे

### टीम यथार्थ का हौसला बढ़ाने चुवास से पर्यावरण प्रेमी योगेश शर्मा छिंछास ऑक्सीज़न पार्क पधारे

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** टीम पर्यावरण प्रेमी योगेश शर्मा ओर टीम यथार्थ अजित सिंह दोनों ने मिलकर एक संकल्प लिया मिशन 2023 में कदम से कदम मिलाकर साथ चलेंगे शेखावाटी के कोने कोने में पहुंचने का लक्ष्य रहेगा। टीम यथार्थ का हौसला बढ़ाने चुवास के पर्यावरण प्रेमी योगेश जी शर्मा पधारे और टीम के लिए उपहार सवरूप एक नीम का पौधा लेके आये जिसे छिंछास ऑक्सीज़न पार्क में लगाया। योगेश जी अपनी टीम के साथ 85000 से भी जायदा पौधे लगा दिए है और टीम की मेहनत और संकल्प देखकर अगली साल टीम के साथ मिलकर काम करेंगे और टीम का संकल्प पूरा करने में टीम की पूरी मदद करेंगे। योगेश जी के साथ पधारे देवकीनंदन जी भी पधारे और टीम के कार्यो की सराहना की। टीम की और से अजीत सिंह छिंछास, भवानी सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रभु सिंह, योगेंद्र सिंह आदि पहले से ही छिंछास ऑक्सीज़न पार्क में पोधो में पानी दे रहे थे पौधा लगाने के बाद टीम के साथ योगेश जी ने चर्चा की। आपका बहुत बहुत आभार। आप भी टीम का हौसला बढ़ाने पधारे ताकि टीम और अधिक पर्यावरणहित में काम करे।

### भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदेश महामन्त्री का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष्र अनिता शर्मा ने बताया सीकर मे चल रही जन आक्रोश रैली मे आए प्रदेश महामन्त्री सम्मानिया चंद्रशेखर जी का गोरया मे श्याम बाबा का दुप्पटा पहनाकर गुलदस्ता भेट कर स्वागत सम्मान किया फिर सभी गाड़ियों के काफिले के साथ श्यामगढ़ सभा स्थल तक भारत माता के नारे लगाते हुए गए शर्मा ने कहा रैली के साथ पूर्ण विधायक राजकुमारी शर्मा,तुलसी अग्रवाल,रामा शेखावत,कविता चौधरी,ज्योति तनवानी,राज शर्मा व सरिता पेसवानी आदि उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई 15 दिसम्बर को

**सीकर (निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि मुख्य सचिव के निर्देशों की पालना में पारदर्शी एवं संवदेनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान किए जाने के लिए जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जन सुनवाई 15 दिसम्बर (गुरूवार) को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट परिसर सीकर में आयोजित की जावेगी।

# कम सर्दी और घटती ओस से संकट में रबि की फसल, फसलें पड़ने लगी पीली

## रबी सीजन की फसलों में इस बार सर्दी कम व ओस की बूंदे नहीं आने के कारण फसलों में आने लगा पीलापन

### किसान हो रहे हैं चिंतित, दिसंबर माह में सर्दी का असर नहीं दिखा तो किसानों के इस बार होगा उत्पादन कम

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं)।** तहसील के इलाके में इस बार कम सर्दी व ओस की बूंदे नहीं आने के कारण किसानों की चिंता बढ़ रही है। क्योंकि रबी सीजन की फसलों में कम सर्दी व ओस की बूंदे नहीं आने के कारण सरसों गेहूं, चना आदि की फसलों में पीलापन आने लगा है। इसका मुख्य कारण यह है कि इस बार तापमान ज्यादा हैं और ठंड कम है। ओस की बूंदे नहीं आने के कारण इस बार फसल कमजोर देखने को मिल रही है। कृषि विभाग के कृषि पर्यवेक्षक राकेश जाखड़ ने बताया कि गत वर्ष नवंबर माह में भी सर्दी का असर शुरू हो गया था। दिसंबर में तो बंपर सर्दी आई थी। लेकिन इस बार नवंबर-दिसंबर में बढ़ा तापमान देखने को मिल रहा है। जिसके कारण किसानों की फसलें पीलापन देने लगी है। इसका मुख्य कारण यही है कि तापमान ज्यादा होना अगर तापमान में गिरावट आती है और ओस आती है तो फसलों का पीलापन दूर हो जाएगा और किसानों के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होगा। किसान रामचंद्र भादासर ने बताया कि कम ठंड पड़ने पर फसल पर प्रभाव ज्यादा होता हैं। इससे उत्पादन कम होता है। ठंड के साथ फसल को धूप मिले तो फसलों का विकास तेजी से होता है।

### कम तापमान और ओस की बूंद किसानों के लिए लाभदायक

सरदारशहर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वीके सैनी ने बताया कि तापमान गिरना फसल के लिए लाभदायक है। साथ ही कोहरा भी फायदेमंद है। कोहरे से छोटी-छोटी बूंद यानि ओस का पानी मिलने से फसल में नमी आती है जो खेती के लिए लाभदायक है। रबी की फसल में मटर, गेहूं, सरसों, मसूर आदि के लिए तापमान कम होने से अच्छी पैदावार होगी। लेकिन इस बार अभी तक सर्दी नहीं आने के कारण फसलों में नुकसानदायक साबित हो रही है। अभी दिसंबर माह में सख्त सर्दी की आवश्यकता है ताकि फसलों में अच्छा सुधार हो।

### चुरू जिले के सरदारशहर क्षेत्र में सबसे ज्यादा होती है रबी की फसलें

चूरू जिले के अंतर्गत तहसील सुजानगढ़, रतनगढ़, तारानगर, सादुलपुर, चूरू, बिदासर आदि तहसील आती है। इसमें से सबसे ज्यादा रबी फसल की बुवाई सरदारशहर तहसील में की जाती है लेकिन इस बार कम सर्दी के कारण किसानों की फसल चौपट होती जा रही हैं। कम सर्दी एवं ओस की बूंदे नहीं आने के कारण फसलों में पीलापन नजर आ रहा है।

### राजस्थान में सबसे ज्यादा सर्दी चूरू में पडती है

रबी की सीजन में सर्दी की बात करें तो सबसे ज्यादा राजस्थान में सर्दी (ठंड) चूरु जिले में ही पड़ती है। लेकिन इस बार अभी तक सर्दी ज्यादा नहीं होने के कारण लोग गर्म कपड़े भी खरीदना नहीं शुरू किया है। पिछली बार तो चूरू जिले के रेतीले धोरों में बर्फ की चादर से पहाड़ जैसा बन गया था। इस बार कम सर्दी के कारण किसान के लिए नुकसानदायक है।

## भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ उमड़ा अपार जनसमूह



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** राजस्थान में राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। इस यात्रा के जरिए विशाल जनसमूह देश की राजनीति में एक नया आयाम खोज रहा है। विमल सोनी शहर ब्लॉक अध्यक्ष किसान खेत एवं मजदूर कांग्रेस कमेटी नागौर ने कहा कि लोगों का भरोसा है कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में एक शांतिप्रिय विश्व बंधुत्व एवं वसुदेव कुटुंबकम् वाले भारत की फिर से संरचना करेगा।

## आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों को दैनिक उपयोग की वस्तुए वितरित

**चूरू(नि.सं)।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को अल्पसंख्यक मामलात विभाग की ओर से यूनिफोर्म, ब्लेजर, रंगीन ड्रेस, जूते, चप्पल सहित 17 प्रकार की दैनिक उपयोग की वस्तुओं का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद नियाज खान, जिला अल्पसंख्यक कार्यक्रम अधिकारी मुकेश धनखड़, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी विष्णु कुमार चेजारा, राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक इमरान खान, अध्यापक आबिद खान, जावेद खान, नियाज मोहम्मद खान, रफीक खान, नीलम, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, शाहरुख खान, मदनलाल सैनी इत्यादि उपस्थित थे। नियाज खान ने कहा कि अल्पसंख्यक मामलात विभाग की ओर से राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में अध्ययन करने वाले सभी अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को अल्पसंख्यक विभाग की ओर से रहने, खाने, पहनने सहित विभिन्न प्रकार की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कार्यक्रम अधिकारी मुकेश धनखड़ ने कहा कि अल्पसंख्यक मामलात विभाग की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अल्पसंख्यक वर्ग को अधिक से अधिक लाभान्वित करवाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## सामाजिक कार्यकर्ता बरड़िया का उत्कृष्ट कार्य करने पर हुआ सम्मान

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(नि.सं)।** क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता श्री यूनियन क्लब के मंत्री खेमचंद बरड़िया का मंगलवार को रतनगढ़ होटल अनोखी हट में भारतीय जीवन बीमा सेमिनार में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबन्धक संदीप भाटिया एवं सह शाखा प्रबन्धक विनोद मीणा द्वारा बीमा के क्षेत्र में शानदार कार्य करने पर उनका मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र भेंट करके सम्मानित किया गया। खेमचंद बरडिया राजलदेसर के सामाजिक कार्यक्रमों में हमेशा बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। साथ ही राजलदेसर की अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े होने के कारण अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए हैं। बरड़िया को यह सम्मान 2022-23 में उत्कृष्ट कार्य करने पर दिया गया है। इस अवसर पर बजरंग जोशी, रमेश पारीक, महेश कटारिया आदि प्रमुख व्यक्ति मौजूद थे।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में हुई 230 रोगियों की जांच

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं)।** स्थानीय श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार स्वर्णसखि संस्थान व स्वर्णकार सेवा दल के संयुक्त तत्वावधान में 2 दिवसीय निःशुल्क काइरोप्रेक्टिक, फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर व सुजोक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वर्णसखि अध्यक्षा डॉ. शर्मिला सोनी के संयोजन में आयोजित शिविर का शुभारंभ तहसीलदार गोविंदराम बगड़िया, संरक्षक पवन सोनी, सहदेव कड़ेल, प्रकाशचन्द्र मायच्छ, बुद्धिप्रकाश सोनी, पार्षद दीनदयाल पारीक, डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, रेखा मौसूण द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिविर में आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। डॉ. शर्मिला सोनी ने बताया कि डीसीए बसन्त सैनी, डॉ. प्रवीण लाटा व डॉ. कोमल गौड़ ने 230 रोगियों की जांच की। स्वर्णकार सेवा दल अध्यक्ष गोपाल मौसूण, बजरंगलाल जोड़ा, भरत कठातला, श्यामसुंदर कुल्थिया, श्याम सुंदर स्वर्णकार, स्वर्णसखि संस्थान संरक्षिका सरोज भामा, उपाध्यक्षा चंद्रप्रभा कठातला, सुनीता कुल्थिया, ललिता रोषावड़, हीरामणि डांवर, सुमन जोड़ा आदि उपस्थित रहे। शिविर में मारवाड़ी युवा मंच सखियाँ शाखा का सहयोग रहा। शंकरलाल सोनी, परीक्षित सैनी, आनन्द डूकिया ने अपनी विशेष सेवाएं दी।

## व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर नहीं हो घरेलू सिलेंडरों का उपयोग

**चूरू(नि.सं)।** जिला रसद अधिकारी सुरेंद्र महला ने समस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालकों को अपने प्रतिष्ठानों में सिर्फ व्यावसायिक एलपीजी गैस का ही उपयोग करने के निर्देश प्रदान किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि व्यवसायिक प्रतिष्ठान जैसे होटल, ढाबा, मैरिज पैलेस तथा औद्योगिक क्षेत्र के समस्त संचालक सिर्फ व्यवसायिक एलपीजी गैस सिलेण्डरों का ही प्रयोग करें। अपने प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेण्डरों का उपयोग नहीं करें। साथ ही खरीदे गये एलपीजी गैस सिलेण्डरों के बिल (जीएसटी सहित) का अपने प्रतिष्ठान पर संधारण करें। जिले में कार्यरत सभी एलपीजी वितरकों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने कम्पनी द्वारा निर्धारित क्षेत्र में ही एलपीजी सिलेण्डरों की बिक्री करना सुनिश्चित करें तथा उपभोक्ताओं को दिये गये सिलेण्डरों के समस्त बिलों का उपभोक्ता के हस्ताक्षर सहित संधारण करना सुनिश्चित करें। इन निर्देशों के उल्लंघन पर या किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## परशुराम अमृत कुंड रथ यात्रा का राजलदेसर में किया स्वागत




जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं)।** भारत अमृत रथ एवं परशुराम कुंड आमंत्रण यात्रा का राजलदेसर में प्रवेश पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बजरंग दल के जिला सह संयोजक हेमंत बजरंगी ने बताया विप्र फाउंडेशन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के आंचल में लोहित जिले में भगवान श्री परशुराम कुण्ड तीर्थ इस धरा धाम का तेजस्वी स्थान है। यहां आराध्य देव भगवान श्री परशुराम जी की 51 फीट पंच धातु निर्मित विशाल प्रतिमा के लिए अमृत भारत यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा देश के विभिन्न राज्यों से होती हुई राजलदेसर पहुंची। यहां विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा, नरेंद्र पारीक, नरेश राठौड़ विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष, आचार्य गंगाधर शास्त्री, गौरक्षक दल के प्रदीप पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन बोथरा, पार्षद कुलदीप स्वामी, गिरवर सिंह राठौड़, हनुमान नाई, एडवोकेट शिव भगवान, बजरंग दल नगर संयोजक अर्जुन मारू, बंसी महावर, सुनील मीणा, विशाल अक्षय, दीपक आदि कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा की तथा आए हुए अतिथियों का सादर सत्कार किया।

## घर-घर कचरा संग्रहण में कथित भ्रष्टाचार का आरोप, जांच की मांग

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** युवक सेवा समिति के महासचिव सुरेंद्र भार्गव ने एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी मूलचंद लूणिया को सौंपकर बताया है कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत घर-घर कचरा संग्रहण योजना में कथित तौर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जिसकी जांच की जाए। ज्ञापन सौंपते वक्त सुरेंद्र भार्गव ने उपखंड अधिकारी को बताया कि अधिकांश ऑटो टीपर्स में चलने वाले कार्मिक बिना वर्दी के ही चलते हैं, जबकि उन पर ऐसा करने पर जुर्माने का प्रावधान है। इसी प्रकार जो ऑटो टीपर्स कागजों में चलते हैं, उनसे आधे वास्तव में संचालित होते हैं। सुरेंद्र भार्गव ने मामले की जांच के लिए कुल 16 बिन्दु अपने ज्ञापन में बताये हैं और कथित भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व पार्षद श्रीराम भामा, विनय प्रजापत, देवाराम माली, हीरालाल बुगालिया सहित अनेक लोग मौजूद थे। उपखंड अधिकारी मूलचंद लूणिया ने मामले में समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## नर्सिंग ऑफिसर बनने पर तालिब भाटी का अभिनंदन

**सुजानगढ(नि.सं)।** वार्ड नं. 12 नूर नगर के निवासी तालिब पुत्र महबूब भाटी के दिल्ली एम्स में नर्सिंग ऑफिसर बनने पर मोहल्लेवासियों की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मदरसा मोहम्मदी में आयोजित कार्यक्रम में तालिब के दादा हाजी रमजान भाटी, मास्टर बशीर भाटी, अबुल हसन, पूर्व रेलवे मास्टर बाबू खां, हनीफ भाटी, सलीम भाटी, पार्षद एडवोकेट सलीम खां गाजी आदि मंचासीन रहे। मो. असलम मौलानी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने दीनी के साथ दुनियावी तालिम हासिल करने, बच्चों को उच्च शिक्षा तक बढ़ाने व कामयाब नागरिक बनाने की अपील की। कार्यक्रम में अनवर अगवान ने मोहल्ले की छिंपियान स्कूल में भी रूचि दिखाने की अपील उपस्थित जनों से की। एडवोकेट सलीम खान ने कहा कि यह नूर नगर के लिए काफी उत्साह जनक और अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा देने वाली बात है कि यहां के युवक ने एम्स नर्सिंग ऑफिसर पद के लिए 778 वीं रैंक हासिल की है। सभी ने तालिब व उसके परिवार को बधाई दी। कार्यक्रम में आसिफ भाटी, चांद भाटी, के के राव आदि ने भी विचार प्रकट किए। इस अवसर पर सभी लोगों ने माल्यार्पण कर तालिब भाटी का अभिनंदन किया। तालिब ने अपनी सफलता का श्रेय परिवारजनों को दिया। कार्यक्रम में एडवोकेट रोशन खान, महमूद पअवा, अजरूदीन भाटी, रमजान टाक, बिलाल भाटी, इमरान टाक, समीर टाक, अब्दुल वाहिद, मुस्लिम भाटी सहित अनेक लोग मौजू रहे। इस अवसर पर चौक का नाम मोहम्मदी चौक रखा गया।

## राज्य कर्मचारी स्वैच्छिक कटौती के अंतिम बीमा घोषणा पत्र ऑनलाईन अपलोड करें

**चूरू(निसं)।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग की ओर से राज्य कर्मचारियों को स्वैच्छिक कटौती के अंतिम बीमा घोषणा पत्र ऑनलाईन अपलोड करने के लिए कहा गया है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक मंगतुराम चांवरिया ने बताया कि विभाग की ओर से जीपीएफ की प्रथम कटौती से मार्च 2012 तक समस्त कटौतिया डीडीओ द्वारा प्रमाणित पासबुक एवं राज्य बीमा में अब तक जारी बीमानुबंधों को पूर्ण सत्यापन कर एसआईपीएफ पोर्टल पर फ्रीज करने का कार्य किया जा रहा है। अभियान में समस्त राज्य कर्मचारियों के खातों को अद्यतन किए जाने के लिए कार्मिक अपनी बीमा रेकार्ड बुक एवं जीपीएफ पासबुक डीडीओ द्वारा प्रमाणित एसआईपीएफ के नवीन वर्जन में अपलोड करें। जिन कार्मिकों ने बीमा की निर्धारित स्लैब से अधिक कटौती करवाई है, वे अपनी अंतिम बढ़ी हुई प्रीमियम राशि सहित अंतिम घोषणा पत्र सात दिवस में ई-बैग में अपलोड करें ताकि उनके बीमा अनुबंध पूर्ण किए जा सकें।

## राजस्व अधिकारियों के लिए 27 दिसंबर को होगी निर्णय लेखन कार्यशाला

**चूरू(निसं)।** राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर द्वारा जारी आदेशानुसार जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों के लिए विधिसम्मत एवं त्रुटिपूर्ण निर्णय लेखन की प्रवृत्ति को सुनिश्चित करने के लिए 27 दिसंबर को प्रातः 10.30 बजे जिला परिषद चूरू के सभागार में निर्णय लेखन कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर लोकेश गौतम ने बताया कि कार्यशाला के लिए श्योराम वर्मा, उपखण्ड अधिकारी बीदासर को मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है।

## शिक्षाविद् सीताराम दाधीच का निधन

**सुजानगढ(नि.सं)।** वयोवृद्ध शिक्षाविद् व पूर्व उपनिदेशक शिक्षा विभाग सीताराम दाधीच का निधन हो गया है। स्व. दाधीच 96 साल के थे और अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। दाधीच काफी लोकप्रिय थे और शिक्षक के रूप में काफी समय तक गवर्नमेंट पीसीबी स्कूल ने प्राचार्य रहे। शहर के अनेक सभ्रांत लोगों ने दाधीच के निधन पर दुःख जाहिर किया है।

## नियम विरुद्ध चल रहे क्रेशर, आमजन का सांस लेना भी मुश्किल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** तहसील के गांव सारोठिया के नजदीक पिछले 12 वर्षों से नियमों को धता बताते हुए क्रेशर चल रहा हैं। इसके कारण वायु और ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है और आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। क्रेशर क्षेत्र के आसपास पिछले चार सालों में आबादी और आवासीय क्षेत्र खूब बढ़ गया। क्रेशर के आसपास करीब चालीस ढाणियां बस गई है जिसने मिनी गांव का रूप धारण कर लिया है। इसके नजदीक ही छोटे बच्चों का सरकारी स्कूल है और खनन क्षेत्र के पास गौशाला है। स्टोन क्रेशर वर्तमान में खनन विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों की जमकर अवहेलना कर रहा है। बीच बस्ती में चल रहे क्रेशर से उड़ने वाली धूल से लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इसकी जानकारी प्रशासन को होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## स्काउट गाइड का अनुशासन देख हुए अभीभूत, की प्रशंसा

### विभिन्न अतिथियों ने किया प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन, व्यवस्थाएं देखकर जमकर की सराहना

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वाधान में आयोजित डीएलएड छात्रध्यापक छात्राध्यापिकाओं के सात दिवसीय स्काउट गाइड ग्रुप प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन राजकीय महाविद्यालय के सहायक आचार्य अमरचंद कुमावत, राजकुमार झांकल आदि अतिथियों द्वारा स्काउट गाइड शिविर का अवलोकन किया गया। शिविर में स्काउट गाइड द्वारा साफ-सफाई, ले आउट, अनुशासन गेजेट्स आदि व्यवस्थाओं को देखकर अतिथियों प्रशंसा व्यक्त की गई। इस अवसर पर कुमावत ने कहा कि स्काउट अपने देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होता है। सदा दूसरों की सहायता करता है इस अवसर पर 18वीं राष्ट्रीय जंबूरी राजस्थान में होने के कारण ज्यादा ज्यादा स्काउट गाइड को सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजकुमार झांकल ने कहा कि बाल्यकाल से ही बालकों को स्काउट गाइड गतिविधि में सम्मिलित होने का प्रयास करना चाहिए। संघ के सचिव बाबूलाल स्वामी ने शिविर में होने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं दैनिक पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान की।

## आज करौली में निकलेगी जनाक्रोश यात्रा, 25 किमी पैदल चलेंगे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** भाजपा जन आक्रोश यात्रा के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां आज करौली जिले के प्रवास पर रहेंगे। यहां वे सुबह 8 बजे कैला देवी जी मंदिर में दर्शन एवं पूजा अर्चना कर मदन मोहन जी तक पदयात्रा के माध्यम से आमजन और कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान सतीश पूनियां जन आक्रोश यात्रा में आमजन से जनसंपर्क और संवाद कर कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पत्रक भी वितरित करेंगे। करौली जिले में जनाक्रोश पदयात्रा के दौरान सतीश पूनियां सुबह कैला देवी जी मंदिर में दर्शन कर जनाक्रोश यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वे पूरी यात्रा में स्वयं शामिल होकर पैदल चलकर पेट्रोल पंप कैलादेवी, खोहरी मोड़, मोहनपुरा मोड, अतेवा मोनी बाबा आश्रम, राजौर, करसाई, मामचारी, कल्याणी, गंगापुर मोड़, गदका की चौकी, तीनबड़ सहित विभिन्न गांव में पैदल चलते हुए शाम को लगभग 5.15 बजे मदन मोहन जी मंदिर में दर्शन करेंगे।

# पालिका की संपत्तियों पर हो रहे अवैध कब्जे..अब होगा तुरंत एक्शन!

## जमीनी विवाद को लेकर नगर पालिका ने बुलाई पार्षदों की आपात बैठक

### खाली पड़ी भूमि को तत्काल पालिका के कब्जे में लेने का लिया प्रस्ताव

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निजं)।** नगरपालिका सभागार में मंगलवार को पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया को अध्यक्षता में पालिका की संपति पर हो रहे अवैध कब्जों को लेकर आपात बैठक रखी गई। बैठक में अधिशाषी अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि दूंकर रोड स्थित खसरा संख्या 1734 जो कि राजस्व रिकार्ड के अनुसार नगरपालिका के नाम दर्ज है, उस खसरा के लिए नगरपालिका में शिकायत दर्ज हुई है। शिकायत के अनुसार उस पर कुछ व्यक्ति अवैध कब्जा कर रहे है। लेकिन वो भूमि स्वामित्व के अधीन होने के कारण नगरपालिका द्वारा नोटिस चस्पा किया गया कि उक्त जमीन का यदि कोई वैध दस्तावेज हो तो नगरपालिका में प्रस्तुत करे। लेकिन, कोई भी दस्तावेज नहीं होने एवं नगरपालिका से कार्य की स्वीकृति नहीं होने के कारण पूर्व में नगरपालिका द्वारा मय जाब्ता पहुंचकर अवैध निर्माण कार्य रुकवाया दिया गया था। उसके बाद जमीन की जमाबंदी की नकल निकलवाई गई और नगरपालिका एवं रेवेन्यू टीम द्वारा सीमांकन करने के पश्चात यह आपात बैठक बुलाई गई। वर्तमान में यह भूमि राजस्व अनुसार नगरपालिका की है। बैठक में उपस्थित समस्त पार्षदों, प्रतिपक्ष नेताओ द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि तुरंत प्रभाव के साथ मय जाब्ता व प्रशासन वहां पहुंचकर उक्त जमीन पर जो मकान बने हुए है एवं वहा जो लोग काफी समय से निवास कर रहे है, उस हिस्से को छोड़कर बाकी खाली जगह और वर्तमान में चल रहे अवैध कब्जे को खाली कराकर जमीन नगरपालिका के अधीन ली जाएगी और कब्जाधारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी।

### पार्षद ने लगाए पालिका अधिशाषी अधिकारी पर गंभीर आरोप

वही बैठक में पार्षद बाबुलाल करड़वाल ने कहा कि उक्त भूमि पर निर्माण कार्य जारी रखने के लिए पालिका अधिशाषी अधिकारी ने मुझसे 4 लाख रुपए की मांग की थी। हमारे द्वारा पैसे नहीं देने पर पालिका ने उस भूमि पर नोटिस जारी कर दिए। ईओ हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि पैसे मांगने के जो मेरे पर आरोप लगाए जा रहे हैं वो निराधार है। मैंने जिला कलेक्टर को इस प्रकरण से अवगत करा दिया है, इस मामले की जांच किसी अन्य अधिकारी से करवा सकते हैं।

### पार्षदों ने कहा-एकतरफा कार्यवाही नहीं होनी चाहिए

बैठक में पार्षदों ने कहा कि 1734 खसरे में एक तरफा कार्यवाही नहीं हो कर खाली पड़ी सारी भूमि पर नगर पालिका का कब्जा होना चाहिए। वही कार्यवाही को लेकर नगर पालिका टीम का जाप्ता दो घंटे तक पालिका के बाहर खड़ा रहा। अधिशाषी अधिकारी अग्रवाल से कार्रवाई के बारे में जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा मौके का आंकलन किया जा रहा है कि कितने जाप्ते की आवश्यकता है, उसका आंकलन होने के पश्चात आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### पालिका अधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक

बैठक में पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जेठाराम यादव, नेताप्रतिपक्ष गोपाल गुर्जर, पार्षद बेगराज नाई, जगदीश शर्मा, सांवरमल सैन, ललित माली, पूसाराम चौहान, महेंद्र माली, रमेश प्रजापत, प्रह्लाद सुथार, शिशुपाल सिंह, एसआई पप्पूराम मीणा, आसूचना अधिकारी अशोक कुमार, यूनुस बिसायती, पन्नालाल मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

## जयपुर टाइम्स संपादक चौधरी ने सपरिवार सालासर बालाजी के किये दर्शन



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निजं)।** सिद्ध पीठ सालासर बालाजी मंदिर परिसर में जयपुर टाइम्स न्यूज़ पेपर के संपादक रामेश्वर लाल चौधरी सालासर पहुंचने पर प्रवेश द्वार पर आलोक पुजारी व हनुमान सेवा समिति ने भव्य स्वागत किया। चौधरी ने बालाजी महाराज से मन्नत के नारियल बांधे। और देश में सुख शांति की कामना की। आलोक पुजारी ने पूजा अर्चना करवाई। रामेश्वर लाल चौधरी का आलोक पुजारी ने माल्यार्पण कर बालाजी महाराज का चलचित्र और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर अनेक पुजारी परिवार उपस्थित रहे।

## कोविड महामारी में सेवा कार्यों के लिए यूनिसेफ ने किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**नागौर(निजं)।** कोविड जैसी आपदा में राज्य सरकार के साथ मिलकर आम जन की सेवा और अच्छे प्रबन्ध के लिये अंतरराष्ट्रीय संस्था यूनिसेफ ने मंगलवार को कलेक्टर नागौर के माध्यम से नागौर रोटरी क्लब अध्यक्ष इकबाल नागौरी एवं बासनी नगर पालिका क्षेत्र में अच्छे कार्य के लिए बासनी कोमी जमात सदर हाजी हबीबुर्रहमान कालू वाले एवं भामाशाह हाजी फकरुद्दीन का नागौर कलेक्टर सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह में सम्मान किया।

## कम वोल्टेज और बार-बार विद्युत कटौती, परेशान किसानों ने चूरू सड़क पर लगाया जाम



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निजं)।** तहसील के किसानों में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार सुबह से पूनुसर गांव के किसान और ग्रामीण विद्युत समस्या से परेशान होकर रीको स्थित जीएसएस पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं तो वहीं पूलासर के किसान भी अब विद्युत विभाग के खिलाफ सड़क पर उतर आए हैं। मंगलवार को पूलासर जीएसएस के आगे किसानों ने चूरू-सरदारशहर सड़क को जाम कर विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया। मौके पर आरएलपी नेता लालचंद मुंड भी पहुंचे और किसानों के समर्थन में धरने पर बैठ गए। लालचंद मुंड ने बताया कि पिछले लंबे समय से इस क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त वोल्टेज में बिजली नहीं मिल रही है और बार-बार विद्युत कटौती की जा रही है। जिसके कारण किसानों के कुओं पर मोटरें खराब हो रही है और फसलों का नुकसान हो रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारियों को लगातार अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी समस्या का समाधान नहीं किया जाता तब तक सड़क पर जाम जारी रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मंगलवार दोपहर तक किसान सड़क पर बैठे रहे। लेकिन कोई भी प्रशासन और विद्युत विभाग का जिम्मेदार व्यक्ति मौके पर नहीं पहुंचा। किसानों का कहना है कि जब तक हमारी समस्या दूर नहीं होगी चूरू सरदारशहर सड़क पर जाम जारी रहेगा।

## विधायक अनिल शर्मा ने बूंदी में राहुल गांधी के साथ मिलाए कदम



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निजं)।** बूंदी जिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा अपने 250 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पापरी से लाखेरी तक पैदल यात्रा में शामिल होते हुए राहुल गांधी के साथ मिलाते हुए चूरू जिले में पैदल यात्रा निकालने का न्यौता दिया। राहुल गांधी ने विधायक शर्मा को उपचुनाव में कांग्रेस की शानदार जीत दर्ज करने पर बधाई दी। ऐसे में विधायक शर्मा जयपुर में कई मंत्रियों से मिलकर क्षेत्र की बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा सहित कई समस्याओं के बारे में समाधान करवाने का प्रयास कर रहे है। पार्षद राजेश पारीक ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेता बहुत ही सरल सभाव के नेता है जो आमजन से बहुत ही साधारण तरीके से मिल रहे है। भारत जोड़ो यात्रा में पालिका उप चेयरमैन अब्दूल रसीद चायल, महावीर माली, राजेश पारीक, राकेश सारण, जितेंद्रसिंह राजवी, उमरूदीन सैयद, पार्षद रिजवान सैयद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता साथ रहे।

# राजलदेसर में साढ़े 10 करोड़ रुपए की लागत से होगा सड़कों का निर्माण

## पूर्व पालिका अध्यक्ष हंसराज पारीक ने दी विकास योजनाओं की जानकारी

### कहा- चेयरमैन गंगा देवी के अथक प्रयास ला रहे रंग, कांग्रेस शासन काल में बहेगी विकास की गंगा

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निजं)।** राजलदेसर नगर पालिका परिसर में कांग्रेस नेताओं ने पत्रकार वार्ता में वर्तमान में कांग्रेस सरकार के 4 साल के शासन की उपलब्धियों के साथ उन्होंने राजलदेसर नगर पालिका में अब तक हुए निर्माण कार्यों की एवं आगे होने वाले कार्यों की जानकारी दी। पत्रकारों से वार्ता करते हुए नगर पालिका के पूर्व पालिका अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हंसराज पारीक ने कहा कि राजलदेसर नगर पालिका की चेयरमैन गंगा देवी के अथक प्रयास से राजलदेसर नगर पालिका क्षेत्र में अब तकरीबन साढ़े 10 करोड़ रुपए के विकास कार्य होने हैं, जिनमें से 2 करोड़ रुपए के विकास कार्य कस्बे में अब तक हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार को नगर पालिका अध्यक्ष गंगा देवी ने कस्बे की विभिन्न पीडब्ल्यूडी के क्षेत्र में आने वाली सड़कों के निर्माण को लेकर पत्र लिखा था। जिस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तुरंत ही वित्तीय स्वीकृति जारी कर राजलदेसर कस्बे में 4 करोड़ रुपए की लागत से सीसी रोड डामर रोड आदि का कार्य कस्बे के अनेकों वार्ड में शुरू हो चुका है। साथ ही अधिकांश सीमेंटेड सड़कें बन के तैयार हो चुकी है। डामरीकरण की सड़कें अति शीघ्र ही शुरू हो जाएंगी। पूर्व पालिका अध्यक्ष पारीक ने कहा कि वर्तमान में नगर पालिका में कुछ महीनों से अधिशासी अधिकारी नहीं होने के कारण विकास कार्य ठप से अति शीघ्र नगर पालिका क्षेत्र में नगर पालिका की ओर से करीबन चार करोड़ 50 लाख रुपए के विकास कार्य के अति शीघ्र टेंडर जारी कर दिए जाएंगे, जिसमें कस्बे के सभी वार्डों में बिना भेदभाव के सड़क नाली निर्माण कार्य इंटरलॉक सड़क आदि का कार्य प्रगति पर कराया जाएगा। उन्होंने बताया राजलदेसर नायब तहसीलदार असलम खान ने नगरपालिका का अधिशासी अधिकारी का चार्ज लिया है। अति शीघ्र कस्बे के सभी वार्डों में विकास कार्यों के टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब नगर पालिका में पेंडिंग आवासीय पट्टों का वितरण किया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका में तैयारियां शुरू कर दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि कस्बे में साफ-सफाई रोशनी व्यवस्था पर विशेष फोकस रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार गरीब को गणेश मानकर कार्य कर रही है। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि नानूराम सुनिया, नगरपालिका उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश घीटाला, पार्षद नवाब अली, कांग्रेस नेता लाभचंद सोनी, पार्षद ताराचंद बाल्मीकि सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मौसम बदला तो बढ़े मरीज, अस्पताल में ओपीडी 1500 पार

### सर्दी शुरू होने के साथ ही अस्पताल में बढ़ने लगी ओपीडी, 1500 से ऊपर रोजाना पहुंच



### रहे हैं राजकीय अस्पताल में मरीज

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निजं)।** शहर के राजकीय अस्पताल में पिछले 1 हफ्ते से सर्दी शुरू होने के साथ ही अस्पताल में रोजाना 1500 से ज्यादा मरीज पहुंचकर अपना एक उपचार करवा रहे हैं। मौसम का परिवर्तन होने के साथ ही अस्पताल में सर्दी, जुकाम, बदन दर्द, गले का दर्द व मौसमी बीमारियों के मरीज पहुंचकर अपना उपचार करवा रहे हैं। राजकीय अस्पताल के डॉ. आरिफ खान ने बताया कि पिछले 1 हफ्ते से अस्पताल की ओपीडी रिकॉर्ड तोड़ आ रही है। 1500 व 1700 से ऊपर मरीज अस्पताल पहुंचकर अपना उपचार ले रहे हैं। इन दिनों मौसमी बीमारियां व मौसम का परिवर्तन होता है। उस पर आमजन लापरवाही करते हैं। जिससे सर्दी, जुकाम, बदन दर्द, गले का दर्द आदि मौसमी बीमारियों की चपेट में आमजन आ रहा है। जिससे अस्पताल की ओपीडी उछाल मार रही है। आपको बता दें इन दिनों अस्पताल में मरीजों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। डॉक्टरों के रूम व निशुल्क दवा वितरण केंद्र पर लंबी-लंबी लाइनें मरीजों की देखी जा रही है। जिससे यह लग रहा है कि मौसम का परिवर्तन आमजन पर भारी पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। अस्पताल के डॉ. आरिफ खान ने बताया कि मौसम का परिवर्तन होने पर आमजन को भी सावधानियां बरतनी चाहिए। जिससे मौसमी बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। सर्दी का मौसम शुरू होते ही आमजन को गर्म वस्त्र, गर्म पानी व गर्म चीजों का ज्यादा सेवन करना चाहिए। अभी सर्दी का मौसम शुरू हुआ है और मौसम का परिवर्तन हुआ है। जिससे आमजन लापरवाही बरत रहे हैं। जिससे मौसमी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मौसम के परिवर्तन में आमजन को सावधानियां बरतनी चाहिए। जिससे मौसम परिवर्तन के साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

# पुन्नूसर गांव में चौथे दिन भी बिजली नदारद, भड़का आक्रोश

### गुस्साए लोगों ने दूसरे दिन भी उपखंड कार्यालय पर दिया धरना और किया प्रदर्शन, चौथे दिन भी गांव में नहीं शुरू हुई विद्युत आपूर्ति

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निजं)।** तहसील के पुन्नूसर गांव में पिछले 8 दिनों से कृषि कनेक्शनों की विद्युत आपूर्ति पूर्णतया बंद है। वहीं मंगलवार चौथे दिन भी घरेलू विद्युत कनेक्शनों की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई। सोमवार सुबह से ग्रामीण मंगलवार सुबह तक रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित जीएसएस पर धरना लगाए हुए बैठे रहे। रात्रि के समय में भी ग्रामीणों की ओर से धरना जारी रहा। वहीं मंगलवार सुबह 10 बजे ग्रामीण उपखंड कार्यालय पहुंचे और उपखंड कार्यालय के आगे धरना शुरू कर दिया। आरएलपी नेता लालचंद मुंड, आरएलपी जिला अध्यक्ष मदन ढाका, तहसील अध्यक्ष सांवरमल जाखड़, आरएलपी नेता राकेश चौधरी ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे हैं। आरएलपी नेता लालचंद मुंड ने बताया कि पुन्नूसर गांव ही नहीं पूरी तहसील के अंदर किसान विद्युत समस्या का सामना कर रहे हैं। किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है और जितनी मिल पा रही है वह भी पर्याप्त वोल्टेज में नहीं मिल रही है। पून्नूसर गांव में पिछले 8 दिनों से कृषि कनेक्शन पूर्णतया बंद पड़े हैं। मुंड ने बताया कि आज चौथे दिन भी पुन्नूसर गांव के घरेलू कनेक्शनों की विद्युत आपूर्ति बिजली विभाग शुरू नहीं कर पाया है। जिसके चलते पूरा गांव अंधेरे के साए में है। इस अवसर पर आरएलपी तहसील अध्यक्ष सांवरमल जाखड़ ने कहा कि राजनीतिक दबाव के चलते विद्युत विभाग के अधिकारी पुन्नूसर गांव की बिजली शुरू नहीं कर रहे हैं। जाखड़ ने बताया कि गांव में बिजली नहीं होने से गांव के ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं और पालतू पशु पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीण अपना मोबाइल तक चार्ज नहीं कर पाए हैं। जिसके चलते मोबाइल भी बंद हो चुके हैं और विद्यार्थियों के अदवार्षिक परीक्षा का समय है। जिसके चलते विद्यार्थी भी अंधेरे के साए में बैठे हैं और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है।

### समस्स्रा का समाधान नहीं हुआ तो मेगा हाईवे करेंगे जाम, होगा उग्र आंदोलन

लोगों का कहना है कि जब तक मांगों पर सहमति नहीं बनती है और पुन्नूसर गांव की विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं होती है हमारा धरना जारी रहेगा और समय रहते अगर अधिकारियों ने मांगे पूरी नहीं की तो मेगा हाईवे को जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं ग्रामीणों से बात करने के लिए विद्युत विभाग के एसी केके कस्वां भी धरना स्थल पर पहुंचे और लगभग 3 घंटे तक बातचीत चली। लेकिन 3 घंटे तक चली बातचीत का कोई परिणाम नहीं निकला। जिसके चलते ग्रामीणों का धरना जारी है। धरना स्थल पर उपखंड अधिकारी बृजेंद्र सिंह भी पहुंचे और ग्रामीणों के साथ वार्ता की लेकिन ग्रामीण पुन्नूसर गांव की विद्युत आपूर्ति शुरू करने की मांग पर अड़े रहे। मंगलवार शाम 5 बजे तक उपखंड कार्यालय के आगे ग्रामीणों का धरना जारी है।

## सड़क हादसों के घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर 5 हजार नकद

**चूरू(निजं)।** राज्य सरकार की ओर से राज्य की जनता के बेहतर स्वास्थ्य एवं जीवन सुरक्षा को लेकर शुरू की गई मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना अंतर्गत सड़क हादसे में घायल होने वाले लोगों को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रभारी अधिकारी (विकास) एसीईओ हरी राम चौहान ने बताया कि इस योजना में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति चाहे वह किसी भी राज्य का हो, को बिना किसी पहचान एवं पात्रता के मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से संबद्ध निजी या राजकीय अस्पताल में दुर्घटना के 72 घंटे तक निःशुल्क उपचार देय है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।